
दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 43 जयपुर, रविवार, 21 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## राममय हुई छोटी काशी



जयपुर। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर जहां पूरे देश में उल्लास का माहौल है, वहीं छोटी काशी भी राममय होने लगी है। जयपुर शहर की चार दीवारी के बाजारों में भगवा रंग का बंदनवार लगाकर उत्सव की तैयारियां की जा रही है। शहर के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।



### अल्बर्ट हॉल पर होगी 1 लाख 11 हजार दीपकों से महाआरती

जयपुर में अल्बर्ट हॉल के सामने रामलला का 35 फीट ऊंचा भव्य मंदिर का निर्माण कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। यहां 22 जनवरी को राम मंदिर का स्वरूप बनाकर दीपावली मनाई जाएगी। एक लाख 11 हजार दीपकों से भगवान राम की महाआरती की जाएगी। इस मौके पर संपूर्ण रामनिवास बाग को अयोध्या नगरी के रूप में सजाया जाएगा।



फोटो राजेश कुमावत

## जरूरी खबर

### पकड़े गए घूसखोर अफसर दो दिन की रिमांड पर



**जयपुर।** रिश्वत लेते पकड़े गए मत्स्य विभाग के डायरेक्टर (आईएएस) प्रेमसुख बिश्नोई और एडिशनल डायरेक्टर राकेश देव को एसीबी ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों अफसरों को दो दिन के रिमांड पर भेज दिया। दोनों अफसरों को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते एसीबी टीम ने टोंक रोड स्थित ऑफिस से अरेस्ट किया था। इनके ठिकानों पर की गई सर्च में एसीबी को प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट मिले हैं। एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि मत्स्य विभाग के डायरेक्टर प्रेमसुख बिश्नोई और एडिशनल डायरेक्टर राकेश देव से पूछताछ के साथ उनके तीन ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की गई । सर्च कार्रवाई में उनके ठिकानों से एसीबी टीम को प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट व हथियार मिले हैं। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि एक परिवादी ने शिकायत दी थी कि दो अधिकारी लाइसेंस की एवज में रिश्वत मांग रहे थे।

## प्रदेश में सर्दी का सितम: 7 शहरों के लिए ऑरेंज अलर्ट

# बर्फीली हवाओं से छूटी धूजणी

### राजधानी जयपुर में न्यूनतम पारा 5.8 रहा, दिनभर चला सूर्य-कोहरे का संघर्ष

- माउंट आबू में लगातार सातवें दिन पारा जमाव बिंदु पर
- सर्द हवाओं और कोहरे से 23 तक राहत की संभावना नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सर्दी का कहर जारी है। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली सर्द हवाओं के कारण प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रही। शनिवार सुबह कोहरे के साथ दिन की शुरुआत हुई। सुबह शाम के अलावा दिनभर चली ठंडी हवाओं ने गलन वाली सर्दी का अहसास कराया। सर्दी बढ़ने के साथ ही लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित रही।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 7 शहरों में कोल्ड डे की स्थिति के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार सातवें दिन पारा जमाव बिंदु पर रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक सर्द हवाओं और कोहरे से 23 जनवरी तक राहत मिलने की संभावना कम है। ठंडी हवाओं के कारण शनिवार को प्रदेश के कई शहरों में दिन और रात के तापमान में गिरावट देखी गई। इन शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जबकि रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 20 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। राजधानी जयपुर सहित अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, करौली, चूरू, सीकर और हनुमानगढ़ में सुबह शाम के अलावा दिनभर ठंडी हवाएं चली। इसके कारण सर्दी बढ़ी।



### धूप भी नहीं दिला सकी ठंडी हवाओं से राहत

जयपुर में सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। सुबह 9 बजे सूर्य उदय होने के साथ निकली हल्की धूप ने सर्दी से थोड़ी राहत दिलाई। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल एक सप्ताह तक जयपुर में सर्दी का असर बना रहेगा। इस दौरान ठंडी हवाओं से दिन और रात के तापमान में कमी देखी जा सकती है।

### प्रदेश के 15 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

मौसम विभाग की ओर से रविवार से प्रदेश के 15 जिलों में घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। इन 15 में से 8 जिलों में अत्यधिक कोहरा और शीतलहर की चेतावनी दी गई है। अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, करौली, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों में घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी है जबकि दौसा, जयपुर, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक और बीकानेर में घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है।


### कोहरे के कारण कई ट्रेनें रद्द

**जयपुर।** दिल्ली मंडल में कोहरे के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित कई रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है। रेलवे ने गाड़ी संख्या 04469 रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल रेल सेवा 21 और 28 जनवरी को रद्द किया गया है। इसी तरह गाड़ी संख्या 19701 जयपुर-दिल्ली केंट रेल सेवा 20, 27 जनवरी, गाड़ी संख्या 19702 दिल्ली केंट-जयपुर रेल सेवा 22, 29 जनवरी, गाड़ी संख्या 14727 श्रीगंगानगर-तिलक ब्रिज रेल सेवा 20 और 27 जनवरी को रद्द रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14737 भिवानी-तिलक ब्रिज रेल सेवा, गाड़ी संख्या 14738 तिलक ब्रिज-भिवानी रेल सेवा एवं गाड़ी संख्या 14728 तिलक ब्रिज-श्रीगंगानगर रेल सेवा 21 एवं 28 जनवरी को रद्द रहेगी।

## डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने पीएम नरेंद्र मोदी का जताया आभार

# 251 करोड़ की लागत से बनेंगी 35 सड़कें





- प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: दीया कुमारी
- प्रदेश के डीडवाना-कुचामन, झुंझनूं और नागौर जिले में बनेगी 395 किमी की सड़कें

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 35 सड़कों की स्वीकृति मिली है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस संबंध में स्वीकृति जारी की है। पीएमजीएसवाई-थर्ड के तहत प्रदेश में 251.38 करोड़ रु. की लागत से 394.65 किमी. की 35 सड़कें बनाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरिराज सिंह का धन्यवाद देते हुए कहा है कि पिछले दो वर्षों से यह स्वीकृति नहीं मिल रही थी किन्तु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार के विशेष प्रयासों से यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में सडकें बनने से गांव से शहर का संपर्क सुदृढ़ एवं त्वरित होगा। इससे ग्रामीण उत्पादों की शहरों तक पहुंच सुनिश्चित होगी जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## द बार एसोसिएशन जयपुर के शपथ ग्रहण समारोह में बोले सीएम...

# 'लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ के रूप में न्यायपालिका निभा रही अहम भूमिका'

- वकीलों ने रखी कोर्ट परिसर में बहुमंजिला इमारत व आवासीय कॉलोनी की मांग
- वकीलों की सुविधा विस्तार संबंधित कार्यों को चरणबद्ध तरीके से करेंगे पूरा
- व्यक्तिगत की बजाय समाज हित में न्याय के लिए करें कार्य

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ के रूप में न्यायपालिका अहम भूमिका निभा रही है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक में अधिवक्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान से ही आज दुनिया में भारतीय न्यायपालिका का बड़ा सम्मान है। यह सुखद परिणाम अधिवक्ताओं द्वारा समाज हित में किए कार्यों से ही संभव हो सका है।




मुख्यमंत्री शनिवार को दी बार एसोसिएशन जयपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में अधिवक्ताओं को बहुत ऊंचा दर्जा प्राप्त है। ये समाज के बीच रहकर उनकी परेशानियों से परिचित रहते हैं और उनको समय पर न्याय दिलवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं। साथ ही, समाज को जोड़ने का कार्य भी करते है।

सीएम ने कहा कि अधिवक्ताओं को मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए सेवाभाव के साथ पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने का कर्तव्य निभाना चाहिए। साथ ही, व्यक्तिगत की बजाय समाज हित में न्याय के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय के मंदिर में सभी पक्षकारों को न्याय मिलना सुनिश्चित करे। अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अभाव में आए व्यक्ति की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इससे समाज में उनकी प्रतिष्ठा और अधिक बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अधिवक्ताओं की सुविधा विस्तार संबंधित कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

### वकीलों ने रखी सीएम के सामने विभिन्न मांगें

इस दौरान वकीलों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के सामने विभिन्न मांगे रखी। इनमें वकीलों के लिए कोर्ट परिसर में बहुमंजिला इमारत, वकील आवासीय कॉलोनी और जयपुर मेट्रो प्रथम और जयपुर मेट्रो द्वितीय के बीच पुल बनाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मांग पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व कार्यवाहक सीजे एमएम श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के समक्ष नई चुनौतियां है। इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर भी बड़ी-बड़ी समस्या है, उनको दूर करने का प्रयास करेंगे। जज आने वाले समय में बार के सहयोग के बिना काम पूरा नहीं कर पाएंगे, ऐसे में वकीलों और न्यायाधीश के बीच संवाद बना रहना चाहिए।

### इनको दिलाई शपथ

इस अवसर पर सीएम ने पवन कुमार शर्मा को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इसके बाद हाई कोर्ट एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव ने दी बार एसोसिएशन जयपुर के नव-निर्वाचित महासचिव राज कुमार शर्मा को शपथ दिलाई। जस्टिस फरजंद अली और जस्टिस उमाशंकर व्यास ने वंदना मथुरिया व लक्ष्मी शर्मा को उपाध्यक्ष पद की और कृष्ण कुमार यादव संयुक्त सचिव पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में भगवान सहाय वर्मा पुस्तकालय सचिव, अभिलाषा झुरिया सांस्कृतिक सचिव और गजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष और नव किशोर शर्मा ने उप-कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। इनके अलावा दी बार एसोसिएशन जयपुर के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने भी शपथ ली।

## जरूरी खबर

### एसओजी: पेपर लीक मामले में विश्नोई गिरफ्तार



**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान में 2015 के कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा 2013 के पेपर लीक प्रकरण में मोहन लाल विश्नोई को एसओजी ने गिरफ्तार किया है। एसआईटी के गठन के बाद अब तक राजस्थान में पेपर लीक और नकल माफिया से जुड़े 22 अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। मोहनलाल विश्नोई कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति लूणी जोधपुर में कार्यरत है। जोधपुर एसओजी यूनिट ने शनिवार को उससे पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध खनन रोकने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**बेधड़क.जयपुर।** राज्य के खान विभाग ने अवैध खनन गतिविधियों पर लगाम कसने की पूरी तैयारी कर ली है। माइंस सचिव आनन्दी ने शनिवार को माइंस विभाग के अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों को रोकने करने के लिए 24 घंटें संचालित होने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। कंट्रोल रूम का वाट्सएप नंबर 9467842101 भी जारी कर दिया गया है। प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत इस नंबर पर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से स्थापित नियंत्रण कक्ष का एसएमई विजिलेंस एसपी शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर अविलंब कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए हैं वहीं सूचनाओं व शिकायतों पर कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी।

### विधायक गोपाल शर्मा आज होंगे अयोध्या रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में शामिल होने के लिए सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रविवार को अयोध्या के लिए रवाना होंगे। अजमेर रोड स्थित पेट्रोल पंप वाले बालाजी मंदिर पर सुबह 9:30 बजे आयोजित एक अभिनंदन कार्यक्रम के बाद शर्मा अयोध्या के लिए रवाना होंगे।

**नर्सिंग-पैरामेडिकल के हजारों अभ्यर्थी** सीफू के सामने बैठे धरने पर

# बेरोजगारी-मौसम की मार... हौसला बरकरार

- हाड़ कंपा देने वाली सर्दी में भी नौकरी के लिए डटे अभ्यर्थी
- सुनवाई नहीं होने के कारण सरकार के खिलाफ रोष
- चिकित्सा विभाग की एसीएस बोलीं- भर्ती की स्थिति पर पूरी नजर

**बेधड़क । जयपुर**

चाहे अलसुबह की कड़ाके की ठंड हो या सर्द राते! पिछले तीन दिन से इन लोगों के दिन कुछ यूं ही गुजर रहे हैं। लेकिन फिर भी इनका हौंसला कम नहीं है। बेरोजगारी और मौसम की मार के बीच सरकारी नौकरी का सपना पूरा करने के लिए ये लोग मैदान में डटे हुए हैं।

हम बात कर रहे हैं नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती 2023 के अभ्यर्थियों की। ये लोग अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर तीन दिन से झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित सीफू (राज्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कल्याण संस्थान) के सामने धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन अभी तक सरकार और चिकित्सा विभाग की ओर से कोई निर्णय नहीं होने से नाराजगी है। वहीं अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक नियुक्ति को लेकर सरकार की ओर से कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिल जाते हैं। तब तक यूं ही अनिश्चितकालीन धरने के लिए डटे रहेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पुरुष व महिला अभ्यर्थी धरने में शामिल होने के लिए आए हुए हैं। दिनभर नियुक्ति की मांग को लेकर शासन-प्रशाासन के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए नारेबाजी करते हैं। नियुक्ति की मांग के साथ-साथ महिला-पुरुष अभ्यर्थी एक दूसरे की मदद कर रहे हैं, ताकि किसी तरह धरने का असर हो और सरकार नियुक्ति को लेकर फैसला ले। धरना राजस्थान नर्सिंग-पैरा मेडिकल, फार्मासिस्ट संघर्ष समिति की ओर से दिया जा रहा है। अभ्यर्थी अनुराग नेहरा, महेश यादव, शंकर गुर्जर, पूष्पा चौधरी, विकास चौधरी, नीतू चौधरी ने धरने के नेतृत्व की बागड़ोर संभाल रखी है। वहीं इस मामले में चिकित्सा विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि भर्ती की स्थिति पर मेरी पूरी नजर है, रविवार को भर्ती मामले पर चिकित्सा विभाग का पक्ष मीडिया को बताएंगें।



### राम के झंडे के साथ प्रदर्शन

धरने में अभ्यर्थी अपने साथ श्री राम का झंडा लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इनका कहना है कि भाजपा सरकार अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह दिखा रही है। हम भी रामजी के अनुयायी है, हमारी मांग पूरी कर हमें भी इस अनुष्ठान में शामिल करने की कोशिश करें।

### 500 लोगों का बन रहा लंगर

धरने को संचालित करने के लिए भर्ती के अभ्यर्थी आपस में चंदा जुटाकर 500 लोगों का एक टाईम का खाना बनवा रहे हैं। हलवाईयों के साथ अभ्यर्थी सब्जी काटते हैं और पूरी बेल कर खाना बनवाने में सहयोग करते हैं। बताया गया कि एक टाईम के खाने पर करीब 20 हजार से भी ज्यादा का खर्चा आ रहा है। ये पैसे घरवालों से मांग रहे हैं। धरने के लिए कई अभ्यर्थी संविदा नौकरी व प्राइवेट नौकरी से छुट्टी लेकर पहुंच रहे हैं।





### यूं होती है दिन की शुरुआत

अभ्यर्थियों से बात करने पर पता चला कि वे सुबह 6 बजे उठ जाते हैं। इसके बाद रिश्तेदारों व मिलने-जुलने वालों के पास दैनिक क्रियाकलाप पूरे करते हैं। सुबह 10 बजे धरनास्थल पर आ जाते हैं। अधिकारियों के आने पर बुलावे का इंतजार करते हैं। मांग पूरी करवाने के लिए नारेबाजी करते हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। रात को अलाव के सहारे व आंखों में नींद काटकर सुबह होने का इंतजार करते हैं। कुछ पुरुष अभ्यर्थी रात में जागकर महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा करते हैं, ताकि कोई अनहोनी नहीं हो जाए। हर दिन इसी उम्मीद में रहते हैं कोई सुनवाई होगी राहत मिलेगी।

### छोटे बच्चों के साथ मां डटी है मैदान में

नियुक्ति के लिए कई महिला अभ्यर्थी आई हुई हैं। इनमें कई अकेले तो कई अपने माता-पिता के साथ आई हुई है। कुछ महिला अभ्यर्थी अपने छोटे बच्चों के साथ पहुंची हैं। दिनभर पुरुष अभ्यर्थियों के साथ मांग को लेकर नारेबाजी करती हैं। इस दौरान छोटे बच्चों को ख्याल भी रखती हैं। कुछेक अभ्यर्थियों ने बताया कि ठंड में तीन दिन से बैठे हैं। लेकिन सरकार न हमारा न हमारे बच्चों का ख्याल रखते हुए नियुक्ति को लेकर कोई जवाब दे रही हैं।

### अभी यह है भर्ती की स्थिति

पिछली सरकार में बौनस अंक व मेरिट नंबरों के आधार यह नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती 2023 निकाली थी। यह भर्ती नर्सिंग ऑफिसर 8750, एएनएम 4847, फार्मासिस्ट 3067, लैब टेक्नीशियन 2190, सहायक रेडियोग्राफर 1178, नेत्र सहायक 117, डेंटल टेक्निशियन 151, ईसीजी टेक्निशियन 246 सहित 8 संवर्गों में कुल 20546 पदों पर हो रही है। इसमें से फार्मासिस्ट भर्ती को छोड़कर सात संवर्गों की डीवी व प्रोविजनल लिस्ट जारी हो गई। बताया जा रहा है कि बाहरी अभ्यर्थियों और अनुभव प्रमाण पत्रों के सत्यापन के कारण भर्ती रूकी पड़ी है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि सीफू ने पिछली सरकार में भी मंद गति से भर्ती प्रक्रिया पर काम कर भर्ती रोके रखा। अब नई सरकार में भी भर्ती पर कोई खास कार्रवाई नहीं हो रही।

### यह है अभ्यर्थियों की पीड़ा



"कड़ाके की ठंड में हम दिनभर यहां धरना दे रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई अिधकारी हमसे वार्ता करने नहीं आया है। सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द हमें नियुक्ति दे।

**प्रभाती जाखड़,** एएनएम अभ्यर्थी



"पिछले छह महीने से भर्ती प्रक्रिया चल रही है। लेकिन अभी तक नियुक्ति को लेकर कोई निर्णय नहीं है। चिकित्सा विभाग भर्तियों को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं है। आगामी दिनों में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में जल्द नियुक्ति देनी चाहिए।

**शंकर गुर्जर,** नर्सिंग अभ्यर्थी



"मैं धरने में शामिल होने के लिए अकेले यहां पहुंची हूं। इस उम्मीद से की नियुक्ति को लेकर कुछ सही होगा। मेरी फार्मासिस्ट भर्ती के अभी तक प्रोविजनल लिस्ट तक सीफू ने जारी नहीं की है। मांग है कि प्रोविजनल के साथ-साथ अंतिम सूची जारी हो।

**कोमल मीणा,** फार्मासिस्ट अभ्यर्थी



"तीन दिन से धरना दिया जा रहा है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी एलटी की भर्ती में तो ज्यादा कंडीडेट भी नहीं है फिर भी नियुक्ति नहीं दी जा रही।

**नवदीप सिंह जाटोलिया,** एलटी अभ्यर्थी



"अगर भर्ती मामले पर सरकार ने जल्द कोई फैसला नहीं लिया तो हम दूसरे रास्ते पर जाने पर मजबूर होंगे। नियुक्ति नहीं मिली तो मैं आमरण अनशन पर बैठूंगा।

**विवेक वर्मा,** एआरजी अभ्यर्थी

## युवा मित्रों ने जताया आक्रोश... कराया मुंडन

प्रदेश में सरकार के खिलाफ राजीव गांधी युवा मित्रों का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। विरोध स्वरुप पिछले 10 दिनों से फिर से नौकरी की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर धरना दे रहे युवा मित्रों ने मुंडन कर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं किया। तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसमें नौकरी से निकल गए युवा मित्रों के साथ उनके परिजन भी शामिल होंगे। जिसका नुकसान भाजपा सरकार को लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा। धरनार्थियों ने कहा कि हम गांधीवादी तरीके से पिछले लंबे समय से अपनी जायजा मांग को उठा रहे हैं। सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में मुंडन कर सरकार से फिर से रोजगार मांगा है। अगर सरकार ने समय रहते हमारी मांग को पूरा नहीं किया। तो हम शहीद स्मारक पर ही आखरी सांस लेंगे। लेकिन जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी, यहां से नहीं हटेंगे।



**विभिन्न मुद्दों व समस्याओं** पर की चर्चा

## मिलेट्स के उपयोग और पोषकता पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान महिला अधिकारी एवं कर्मचारी एकीकृत महासंघ (राजमेक्स) की ओर से दुर्गापुरा कृषि विभाग शाखा से मिलेट्स फॉर हेल्थ एंड हैप्पीनेस विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संयुक्त निदेशक मधुलता सिंह, संगीता अग्रवाल, कविता चावला, रमा गुप्ता, जानकी एवं कृष्णा के प्रयासों से सफल हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक शैलजा देवल रही एवं अध्यक्षता राजमेक्स की अध्यक्ष विजेता चारण ने की। जिसमें राजमेक्स के पदाधिकारी कमल शेखावत, किरण आहूजा, अल्पना कुलश्रेष्ठ, अर्चना गोयल, प्रभा गुप्ता नीलिमा, सुमित्रा चौधरी, सुरेखा गोयल एवं अन्य उपस्थित रहे। डॉ. गार्गी सक्सेना एवं डॉ प्रतिभा द्वारा मिलेट्स के उपयोग व पोषकता पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. मानी ने मिलेट्स के उपयोग से कई बिमारियों के समाधान पर प्रकाश डाला गया। उद्यमी दीपा द्वारा मिलेट्स व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति गोस्वामी को राजमेक्स में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की** डिप्टी सीएम ने दी शुभकामनाएं

## स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान

**बेधड़क** | जयपुर

श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसके तहत शनिवार को उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बजाज नगर मोड स्थित संकट हरण हनुमान जी मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। साथ ही, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से मंदिरों को साफ रखने व सजाने की अपील की। प्रभु श्रीराम की अयोध्या नगरी अब सजकर तैयार है। बैरवा ने प्रदेशवासियों को अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



**7 फरवरी को होगी योजना की लॉन्चिंग**

# हाउसिंग बोर्ड बनाएगा 3 हजार से अधिक अफोर्डेबल मकान और फ्लैट

- जयपुर, जोधपुर समेत 9 से अधिक शहरों में लोगों को मिलेगा आशियाना

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने विकास कार्यों को लेकर काम शुरू कर दिए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेशवासियों को आवासीय योजनाओं में सस्ते व सुलभ मकान देने की मंशा बनाई है।

इसी कड़ी मे हाउसिंग बोर्ड प्रदेश के 9 से अधिक शहरों में 3 हजार से अधिक मकान और फ्लैट बनाने जा रही है और इनके लिए रजिस्ट्रेशन फरवरी से शुरू हो सकता है। हाउसिंग बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार इन स्कीम को 7 फरवरी तक लॉन्च कर दिया जाएगा। इसके साथ ही आवेदन मांगने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

बता दें कि हाउसिंग बोर्ड पहले से ही जयपुर, जोधपुर, बांसवाड़ा, आबू रोड समेत 10 से ज्यादा शहरों में 4 हजार से ज्यादा मकान बना रहा है।

वहीं, 100 दिन की कार्य योजना के तहत 2900 मकान अलग से नए बनाए जाएंगे।



### इन शहरों में आएगी ये योजना

ये स्कीम बड़े शहर जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, भिवाड़ी के अलावा धौलपुर, नागौर, हनुमानगढ़, सिरोही और आबू रोड में आएगी। इसमें ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी कैटेगरी के फ्लैट्स बनाए जाएंगे। सबसे ज्यादा मकान जोधपुर में बनाए जाएंगे, जहां 1000 के करीब फ्लैट्स और स्वतंत्र मकान होंगे। इसके अलावा जयपुर में 400 से ज्यादा, अजमेर के किशनगढ़ में करीब 150, धौलपुर में 30, नागौर में करीब 200, आबू रोड पर 100, उदयपुर में करीब 200 और हनुमानगढ़ में 500 के करीब मकान बनाए जाएंगे। इन शहरों में आवासों की संख्या निर्धारित करना शेष है। संभावना है कि 7 फरवरी या उसके आसपास इन योजनाओं को लॉन्च करके आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### वाटिका के पास 25 स्वतंत्र आवास बनेंगे

इसी प्रकार जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर 26 और 28 में करीब 430 एचआईजी फ्लैट्स की स्कीम लाई जा रही है। सेक्टर 26 में 80, जबकि सेक्टर 28 में करीब 350 फ्लैट्स बनाए जाएंगे। इनके अलावा वाटिका रोड पर वाटिका के पास 25 स्वतंत्र आवासों की योजना भी लाई जा रही है, जिसमें 20 एमआईजी 'ए' कैटेगरी के, जबकि 5 एलआईजी कैटेगरी के स्वतंत्र मकान आवंटित किए जाएंगे। कमिश्नर कुमार पाल गौतम ने इंजीनियरों को संभागीय मुख्यालय स्तर पर ईडब्ल्यूएस, एलआईजी कैटेगरी की नई स्कीमें भी बनाने के निर्देश दिए है। ताकि आने वाले समय में सरकार की मंशा के अनुरूप गरीब और मध्यम वर्ग को बड़े शहरों में मकान मिल सके। साथ ही उन्होंने मौजूदा निर्माणाधीन आवासीय योजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि हाउसिंग बोर्ड पहले से ही जयपुर, जोधपुर, बांसवाड़ा, आबू रोड समेत 10 से ज्यादा शहरों में 4 हजार से ज्यादा मकान बना रहा है। वहीं, 100 दिन की कार्य योजना के तहत 2900 मकान अलग से नए बनाए जाएंगे।

**जरूरी खबर**

### वन अधिकारियों को अब हमेशा उठाना होगा फोन



**जयपुर।** वन विभाग में अधिकारियों के फोन नहीं उठाने की शिकायत पर वनमंत्री ने व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए हैं। वन मंत्री संजय शर्मा ने वन अधिकारियों को फोन कॉल उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके बद अब वन अधिकारियों को फोन कॉल्स का जवाब देना होगा। इसके लिए वन विभाग में आधिकारिक आदेश जारी किए हैं। पीसीसीएफ, प्रशासन अरिजीत बनर्जी ने फोन कॉल प्रोटोकॉल को लेकर आदेश निकाले हैं। गौरतलब है कि मंत्री संजय शर्मा ने फोन कॉल नहीं उठाने पर पीसीसीएफ हॉफ के सामने नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद अब विभाग ने यह आदेश निकाले हैं।

### पत्रकार कॉलोनी में सिलेंडर चोरों का आतंक



**जयपुर।** मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी में आए दिन चोरी की घटनाओं ने नागरिकों में आक्रोश हैं। इसके साथ ही कॉलोनी में इन दिनों सिलेंडर चोर सक्रिय है। हर दिन किसी ने किसी घर में रखें गैस के सिलेंडर चोरी करके ले जा रहे हैं। बीती रात पत्रकार कॉलोनी के प्लॉट नंबर 340 तिकोना पार्क के सामने रात 2 से 4 बजे के बीच चोर दो सिलेंडर लेकर फरार हो गए। सिलेंडर चोर साइड के मकान से दाखिल हुए और फिर बाहर बने सिलेंडर रखने के लोहे के गेट पर लगे ताले को छैनी हथोड़े से तोड़कर दो सिलेंडर उठा कर ले गए। पुलिस की रात्रि गश्त नहीं होने के कारण यह सब वारदातें बढ़ रही है।

## बेधड़क मुलाकात : 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर विनायक शर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश पूनियां से मिले





**जयपुर।** सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश पूनियां को उनके निवास पर भव्य आयोजन 'रामाभिषेकम उत्सव एवं विशाल आरती' की विवरणिका एवं भगवान श्री राम लला जी की तस्वीर भेंट की। सतीश पूनियां ने इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए विनायक शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### रैन बसेरों में गए, रेलवे स्टेशन और सदर थाने का किया निरीक्षण

# व्यवस्थाओं का हाल जानने आधी रात को दौरे पर निकले मुख्यमंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार रात 12 बजे अचानक शहर के दौरे पर निकले। सीएम के दौरे की खबर मिलते ही अधिकारियों के हाथ पावं फूल गए। सीएम भजनलाल सबसे पहले शहर के सदर थाने पहुंचे जहां इस तरह मुख्यमंत्री को थाने में देख पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार आधी रात सीएम शर्मा पुलिस व्यवस्था को जानने अचानक सदर थाने जा पहुंचे।

सीएम के आने की सूचना ना सुरक्षा टीम को और ना ही पुलिस कंट्रोल को लगी। सीएम ने थाने की मौजूदा व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित थाना अधिकारी से जानकारी ली। सीएम ने थाने में रखे कार्रवाई रजिस्टरों को देखा और थाने में ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ के बारे में भी जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन कार्रवाई की डायरी देखी और उसके बारे में पूछताछ की। मुख्यमंत्री ने एफआईआर और इलाके में पुलिस गश्त के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



### इससे पूर्व भी कर चुके औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इससे पूर्व भी प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएमएस का औचक निरीक्षण किया था। सीएम को इस दौरान कई खामियां मिली थी। इसके बाद लापरवाही करने वाले कार्मिकों को निलंबित भी किया गया था। इसके कुछ दिनों पूर्व ही सीएम सुबह शहर के सैंट्रल पार्क भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने मॉर्निंग वॉक पर आने वाले लोगों से हालचाल पूछे थे तथा प्राप्त शिकायतों का निवारण भी किया था।

### रैन बसेरों की व्यवस्थाएं देखी, ली सुध... कंबल बांटे

सीएम भजनलाल जयपुर शहर में पड़ रही कड़ाके की सर्दी में लोगों के हालात जानने के लिए बिना किसी सरकारी लवाजमे और पूर्व सूचना के जयपुर जंक्शन के आसपास के रैन बसेरों में पहुंचे और वहां पर लोगों से उनके हाल जाने। जयपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म पर सो रहे यात्रियों को कंबल वितरण किए। उसके बाद उन्होंने सरकार द्वारा चलाये जा रहे रेन बसेरों में पहुंच कर लोगों से उनका अनुभव जाना तथा उनकी समस्यायें सुनी। सीएम के इस औचक निरीक्षण का पता न पुलिस कंट्रोल को चला और न ही अपनी व्यक्तिगत टीम को। यहां तक की मुख्यमंत्री की सुरक्षा में लगी टीम को भी इसका पता आखिरी मूवमेंट पर लगा।



### शाही स्वागत करने के निर्देश

## फ्रांस के राष्ट्रपति की जयपुर यात्रा को लेकर सीएस ने की समीक्षा

**बेधड़क** | जयपुर



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पीएम मोदी के दौरे की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में राजकीय अतिथि हैं। इससे पूर्व वे 25 जनवरी को जयपुर आकर भ्रमण करेंगे। वे जंतर-मंतर, हवामहल, सिटी पैलेस और वॉल सिटी का भ्रमण करेंगे।

बैठक में सीएस सुधांश पंत ने दोनों राजकीय अतिथियों और उनके साथ आने वाले मेहमानों का स्वागत शाही अंदाज से करने के निर्देश दिए। पधारो म्हारे देस की संस्कृति अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शन से लेकर सुरक्षा और खान-पान ठहरने के इंतजाम करने के सीएस ने निर्देश दिए।

## मुख्य सचिव ने की नीति आयोग के दल के साथ बैठक

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव वी राधा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर साझा पोर्टल बनाने की रूपरेखा को तय किया। दरअसल, नीति आयोग राज्यों के साथ योजनाओं के समान स्तर को तय करते हुए एक पोर्टल विकसित करना चाहता है, जिससे संघीय लोकतंत्र और साझा विकास की सोच को साकार किया जा सके। इसे लेकर आयोग के दल ने विस्तार से जानकारी दी। बैठक में तय हुआ कि इस साझा पोर्टल में सभी राज्य अपनी योजनाओं की उपलब्धियों, कार्ययोजना और अन्य तमाम जानकारियां अपलोड करेंगे।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें ।




### तीसरे दिन भी नहीं आया पानी...

**जयपुर।** बीसलपुर लाइन में खराब हुए स्कोर वॉल्व ठीक नहीं हो पाने से शनिवार को भी शहर के कई इलाकों में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं हो पाई। ऐसे में लोग दिनभर सार्वजनिक स्थानों पर स्थित नलकूपों व अन्य जगहों पर पानी के जुगाड़ में जुटे दिखाई दिए।

### सदन में मामला उठने के बाद ग्रेटर आयुक्त ने निकाले आदेश

## सफाई कर्मियों के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर ने स्थायी सफाई कर्मचारियों के होनहार बच्चों को प्रोत्साहन देने की लिए अच्छी पहल की है। इसके तहत 2022-23 शैक्षणिक सत्र में 10वीं या 12वीं में 70 फीसदी या उससे ज्यादा अंक पाने वाले बच्चों को निगम छात्रवृत्ति देगा। इस योजना में एक कर्मचारी के दो बच्चों को फायदा मिलेगा। नगर निगम कमिश्नर रूकमणी रियाड़ ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। नगर निगम प्रशासन ने कर्मचारियों के बच्चों से इसके लिए 20 फरवरी तक आवेदन मांगे है। निगम प्रशासन ने छात्रवृत्ति के लिए 20 लाख रुपए का बजट रखा है। हालांकि, कितने बच्चों को और कितनी-कितनी राशि छात्रवृत्ति के तौर पर दी जाएगी यह अभी तय नहीं किया गया है।



बताया जा रहा है कि आवेदन की सही संख्या आने के बाद ही यह निर्धारित किया जाएगा। ज्यादा आवेदन आने पर उनकी प्राप्तांक के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। आवेदन जोन ऑफिसों में या मुख्यालय पर बने हेल्प लाइन सेंटर पर जमा करवाने होंगे। आपको बता दें कि नगर निगम ग्रेटर में वर्तमान में 4 हजार से ज्यादा स्थायी सफाई कर्मचारी काम करते है। इन कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति देने की घोषणा की गई थी।

गौरतलब है कि ग्रेटर की ओर से साल 2023-24 के बजट में इसके लिए 20 लाख का प्रावधान रखा था। 31 दिसंबर 2023 तक इस मद में एक रुपए भी खर्च नहीं किए गए थे। पिछले दिनों नगर निगम ग्रेटर में हुई बजट बैठक में इस मुद्दे को पार्षदों ने उठाया था। इसके बाद नगर निगम आयुक्त ने संज्ञान लेते हुए इसके आदेश जारी करके आवेदन लेने की प्रक्रिया को शुरू करवाया।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणा को अमलीजामा पहनाने में जुटा रेलवे

# एजेंसी करेगी रिंग रेलवे के लिए लोकेशन का सर्वे

**बेधड़क** | जयपुर

पिछले दिनों केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव की जयपुर में भी रिंग रेलवे की शुरुआत करने की घोषणा को उत्तर पश्चिम रेलवे ने अमली जामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए जयपुर रिंग रेलवे के प्रोजेक्ट के लिए लोकेशन सर्वे के लिए एक एजेंसी को निर्देश दे दिए हैं।

यह एजेंसी अब राजधानी और उपनगरीय स्टेशनों को रिंग रेलवे से जोड़ने के लिए प्लानिंग बनाकर रिपोर्ट रेलवे को देगी। इस रिपोर्ट के अध्ययन के बाद रेलवे बोर्ड के पास मंजूरी के लिए भेजी जाएगी।

वहीं, अब प्रदेश में भाजपा व केंद्र में भी भाजपा सरकार होने से उम्मीद है कि रिपोर्ट की स्थिति का अध्ययन करने के बाद भविष्य में रेलवे की ओर रिंग रेलवे प्रोजेक्ट शुरू होगा। अब रेलवे ट्रैक भी बिछाए जाने की योजना बनी है। इसमें शहर के बाहरी इलाकों में बने स्टेशनों को बड़े शहरों से सीधा जोड़ा जाएगा ताकि यात्री भीड़ में फंसने से बच सके और सीधे अपने प्लेटफॉर्म पर पहुंच सकें। इसकी शुरुआत जयपुर से होगी।






### जंक्शन के बाहर भी नया प्रोजेक्ट!

रेलवे सूत्रों के अनुसार उप रेलवे ने जयपुर जंक्शन पर चल रहे स्टेशन रि डवलपमेंट के साथ-साथ बाहर यातायात व्यवस्था को सही करने के लिए पुलिया व अन्य निर्माण की संभावनाओं के लिए भी सर्वे कराने का फैसला किया है। इसके लिए एक फर्म को हायर किया गया है, यह फर्म राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर जयपुर जंक्शन के बाहर नई प्लानिंग के लिए रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद राज्य सरकार का सहयोग लेकर नये प्रोजेक्ट की घोषणा हो सकती है।

> रेलमंत्री के जयपुर दौरें में रिंग रेलवे नेटवर्क की संभावनाओं की घोषणा पर उत्तर पश्चिम रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए रेलवे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोकेशन सर्वे शुरू करने के लिए एजेंसी हायर कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।
>
> **कैप्टेन शशिकरण,** सीपीआरओ, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।

### सूचना सहायक भर्ती परीक्षा आज

## जयपुर में 185 केंद्रों पर बैठेंगे 66775 अभ्यर्थी



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सूचना सहायक भर्ती परीक्षा रविवार को जयपुर समेत सात संभाग मुख्यालयों पर आयोजित होगी। परीक्षा में 1,45,334 अभ्यर्थी बैठेंगे। जयपुर में 185 केंद्रों पर 66775 अभ्यर्थी बैठेंगे। यह भर्ती 2730 पदों के लिए हो रही है। आरएसएसबी अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि सूचना सहायक भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक होगी। परीक्षा के शुरू होने से ठीक 1 घंटा पहले यानी 9 बजे परीक्षा केंद्रों पर एंट्री बंद हो जाएगी। ऐसे में अभ्यर्थियों से कहा गया है कि समय से पहले पहुंचकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लें।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### ख्वाजा की दरगाह में किन्नरों ने पेश की चादर



**अजमेर।** अजमेर में इन दिनों चल रहा ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना 812वां उर्स रविवार को बड़े कुल की रस्म के साथ समाप्त हो जाएगा। उससे पूर्व शनिवार को देश के अलग-अलग हिस्सों से आए किन्नरों ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में चादर पेश की। मोती कटला से ढोल धमाकों की थाप पर जुलूस के रूप में नाचते गाते हुए किन्नर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में पहुंचे। जहां उन्होंने अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश कर दुआएं मांगी। नाचते गाते हुए किन्नरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में जायरीन उमड़ पड़े।

### हिस्ट्रीशीटर की हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर।** बनाड़ पुलिस थाना क्षेत्र में बदमाशों के बीच हुए गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर अनिल लेगा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी अमृता दुहन ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 5 बजे महादेव नगर बनाड़ निवासी (27) वर्षीय अनिल लेगा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अनिल लेगा खेड़ी सालवा कला गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार के साथ पहुंचा था। वहां से लौटते समय उसे 19 वर्षीय विष्णु और उसके नाबालिक भाई ने गोली मारी, जिससे अनिल लेगा की मौके पर ही मौत हो गई।

### राम नाम परिक्रमा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**अजमेर।** अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा नजदीक आने के उल्लास के साथ ही अजमेर के आजाद पार्क की अयोध्या नगरी में 100 अरब हस्तलिखित श्रीराम नाम महामंत्रों की परिक्रमा करने वालों का उत्साह भी परवान चढ़ता जा रहा है। यहां राम भक्तों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने परिक्रमा के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ उठाया। परिक्रमा आयोजन समिति के संयोजक कंवलप्रकाश किशनानी ने बताया कि सुबह 8 बजे से देर रात तक परिक्रमा चलती रही। सुन्दरकांड व महाआरती में भी भक्तों में उत्साह दिया।

---

**महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित, लोक कलाकारों को दिया जाएगा मौका**

# ‘बैक टू द डेजर्ट’ थीम पर होगा तीन दिवसीय मरु महोत्सव

**बेधड़क** | जैसलमेर



जैसलमेर का इंटरनेशनल डेजर्ट फेस्टिवल इस बार अलग ही रंग में नजर आएगा। इस बार फेस्टिवल के ज्यादातर कार्यक्रम सम गांव के पास स्थित लखमना ड्यून्स पर होंगे।

हालांकि, शोभायात्रा और ऊंट से जुड़े ज्यादातर कार्यक्रम शहर में ही आयोजित किए जाएंगे। लेकिन, तीनों दिन के शाम के सभी कल्चरल इवेंट शहर से 45 किमी दूर लखमना ड्यून्स पर आयोजित किए जाएंगे। डेजर्ट फेस्टिवल 22 से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसकी थीम “बैक टू द डेजर्ट’ रखी गई है। इसको लेकर शनिवार को जिला कलेक्टर ऑफिस में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में मरु महोत्सव के कार्यक्रम तय करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर सिंह ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध मरु महोत्सव जैसलमेरवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी और लोक संस्कृति को जीवंत रखा जाएगा।

### लखमना ड्यून्स पर होंगे कार्यक्रम

डेजर्ट फेस्टिवल के तीनों दिन की शाम के सभी कार्यक्रम इस बार लखमना ड्यून्स पर आयोजित किए जाएंगे। अब तक यह कार्यक्रम पूनम सिंह स्टेडियम में आयोजित किए जाते थे। लेकिन, अब ये कार्यक्रम शहर से 45 किलोमीटर दूर होंगे। बैठक के बाद इसे लेकर कई लोगों ने नाराजगी जाहिर की, उन्होंने कहा कि इतने दूर कार्यक्रम होने के कारण वहां पहुंचा मुश्किल होगा।

### लोक कलाकार देंगे प्रस्तुति

इस बार फेस्टिबल में ज्यादातर लोक कलाकारों को मौका दिया जा रहा है। पद्मश्री अनवर खान बईया, गाजी खान बरना, कूटले खान, पेपे खान, कालबेलिया डांसर गुलाबो देवी, पंजाबी सूफी सिंगर कंवर ग्रेवाल, निजामी बंधु, तगाराम भील प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा साहित्य और कला से जुड़े लोगों को भी मौका दिया जाएगा।

### लक्ष्मीनाथ मंदिर से होगी शुरुआत

सहायक निदेशक पर्यटन कृष्ण कुमार पूनिया ने बताया कि 22 से 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले मरु महोत्सव की शुरुआत लक्ष्मीनाथ मंदिर में शोभायात्रा के साथ होगी। तीन दिन चलने वाले इस महोत्सव में फूड एंड क्राफ्ट बाजार, काईट शो, हॉट एयर बैलून, जोर्निंग बॉल, क्वेड बाइकिंग, डाइन विथ जैसलमेर, सॉन्गस ऑफ द सैंड, आइकन्स ऑफ जैसलमेर, कालबेलिया डांस सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस दौरान बैठक में मौजूद होटल व्यावसायियों, पर्यटन व्यवसायियों, कलाकारों ने अपने अपने सुझाव भी दिए। जिस पर जिला कलेक्टर सिंह ने सहायक निदेशक पर्यटन को सुझावों के संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम परसाराम, डीएफओ आशीष व्यास, सीओ सिटी प्रियंका कुमावत, डीएसओ सांवरमल रैगर, सीडीईओ नैनाराम जाणी, पर्यटन विभाग से खेमेन्द्र जाम सहित होटल व्यवसायी, पर्यटन व्यवसायी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

---

**मणकरासर गांव में जगह-जगह बिखरे मिले शव**

# बीकानेर में 20 से अधिक मोरों की मौत से हड़कंप

**बेधड़क** | बीकानेर

बीकानेर में सेरूणा थाना क्षेत्र के मणकरासर गांव में दो दर्जन राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित करीब पचास पक्षी मृत मिलने से हड़कंप मंच गया। एक साथ इतने पक्षियों की मौत से ग्रामीण लोग सकते में आ गए।

जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के कर्मचारियों ने पहुंचते ही जांच शुरू कर दी। वहीं वन विभाग की ओर से पक्षियों की अचानक हुई मौत का कारण जांचने के लिए वेटरनरी डॉक्टर्स की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। डॉक्टर्स का कहना कि पक्षियों की मौत किसी जहरीले पदार्थ या फिर खेत में पड़े कीटनाशक के खाने से हुई होगी।

फिलहाल विभाग ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। इससे पहले वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर ग्रामीणों से पूछताछ की और आसपास के क्षेत्र में जांच की। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पक्षियों के शव पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं।

**जहरीला पदार्थ खाने का अंदेशा, जांच में जुटा वन विभाग**



### चिड़िया, कौवे, तीतर और कबूतर भी मरे

बीकानेर के माणकासर गांव में शनिवार सुबह ही राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव गांव में जगह-जगह फैले हुए मिले। इसके बाद अन्य पक्षी भी मृत अवस्था में मिले। श्रीडूंगरगढ़ के मणकरासर गांव में सुबह लोगों ने देखा कि कुछ मोर के शव पड़े हैं। आसपास घूमने पर कुछ और शव दिखाई दिए। जिसमें 6 कौवे, 24 मोर, 6 तीतर, 4 कबूतर, एक दर्जन चिड़िया धीरे-धीरे मृत मोर की संख्या पच्चीस के आसपास पहुंच गई। गांव वालों ने ही वन विभाग को सूचना दी। आपणो गांव सेवा समिति के सेवादार भी मणकरासर पहुंचे है। कुछ मोर के सुबह ही शव मिल गए थे और कुछ ने बाद में तड़पते हुए दम तोड़ा। ग्रामीण ने आसपास के क्षेत्रों में चक्कर काटे ताकि कोई मोर बीमार अवस्था में मिले तो वन विभाग की टीम और वेटरनरी डॉक्टर्स के सुपुर्द किया जा सके। प्रथम दृष्टया मौत का कारण कुछ जहरीला पदार्थ खा लेना माना जा रहा है। हालांकि वन विभाग या वेटरनरी डॉक्टर्स ने अधिकृत तौर पर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है।

---

## बिजनसमैन से मांगी एक करोड़ की रंगदारी



**बेधड़क** | सीकर

गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम से लक्ष्मणगढ़ के एक बिजनेस मैन से एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने व्हाट्सऐप पर कॉल कर खुद को रोहित गोदारा होना बताया और पैसे मांगे। बिजनेस मैन संजय सिंह (37) निवासी छोटी खुड़ी, लक्ष्मणगढ़ ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके पास व्हाट्सऐप पर कॉल आया। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को रोहित गोदारा होना बताया। कहा कि संजय सिंह बहुत बड़ा व्यापारी हो गया है। अगर उसे व्यापार करना है तो हमारी गैंग को एक करोड़ की रंगदारी देनी होगी, जिसके बाद संजय सिंह ने फोन काट दिया। आरोपी ने थोड़ी देर बाद फिर से बिजनेस मैन के पास व्हाट्सऐप कॉल किया और वॉइस मैसेज भेजें। आरोपी ने बिजनेस मैन को धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने रंगदारी नहीं दी तो अंजाम बहुत बुरा होगा। जिसके बाद बिजनेस मैन घबरा गया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। फिलहाल लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**बड़ी वारदात की थी तैयारी**

# गोल्डी बराड़ गैंग का गुर्गा गिरफ्तार हथियार जब्त

■ छह पिस्तौल और 84 राउंड बरामद

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

राजस्थान में अपराधियों की धरपकड़ तेज हो गई पुलिस अभियान चलाकर अपराध को लगाम लगाने की कोशिश कर रही है। इसी बीच श्रीगंगानगर पुलिस को आज एक बड़ी सफलता मिली है। श्रीगंगानगर की जिला विशेष पुलिस ने गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े एक बदमाश को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

यह बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। एसपी विकास शर्मा ने बताया कि विशेष पुलिस टीम के प्रभारी रामविलास बिश्नोई के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जिला विशेष पुलिस टीम के प्रभारी रामविलास बिश्नोई ने बताया कि कार्रवाई सूरतगढ़ अबोहर बाईपास पर गाँव ठाकरावाली के नजदीक की गई।

उन्होंने बताया कि आरोपी युवक किसी का इन्तजार कर रहा था और जब मौके पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को देखकर यह बदमाश भागने लगा। ऐसे में पुलिस ने पीछा कर इस युवक को पकड़ लिया। भागते समय युवक चोटिल भी हो गया। पकड़े गए बदमाश के पास



छह पिस्तौल और 84 राउंड भी बरामद हुए हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि उसके पास यह हथियार अनिल पंडित और योगेश स्वामी के कहने पर भिजवाए गए हैं। जिला विशेष पुलिस टीम के प्रभारी रामविलास बिश्नोई ने बताया कि यह संभावना है कि इन हथियारों के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही हो। आरोपी युवक ने गोल्डी बराड़ गैंग के लिए काम करना स्वीकार किया है। फिलहाल इस बदमाश से पूछताछ की जा रही है।

---

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर अनूठी पहल**

# बच्चों और महिलाओं ने बनाए 5100 लड्डू

**बेधड़क** | उदयपुर

अयोध्या स्थित राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। जिसको लेकर पूरे देश भर में तैयारियां चल रही है। अलग-अलग राज्यों, जिलों और शहरों में कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

इसी क्रम में उदयपुर में शनिवार (20 जनवरी) प्रेरणा भारती सेवा संस्थान की तरफ से एक अनूठी पहल की है। जिसके तहत यहां 51 मिनट में 5100 लड्डू बनाए गए हैं। लड्डू बनाने में स्कूल के बच्चों के अलावा युवक- युवतियां शामिल थे। कार्यक्रम के संयोजक और




संस्था के अध्यक्ष गिरीश भारती ने बताया कि सभी के सहयोग से अनूठी पहल की गई है। इसमें 101 बच्चों द्वारा 51 मिनट में 5100 लड्डू बनाएं गए। हालांकि समय से पहले ही यह बनकर तैयार हो गया। इस दौरान लड्डू बनाने के लिए स्कूली बच्चों के साथ अन्य सहयोगियों के लिए 101 टेबल लगाई गई। कार्यक्रम में उदयपुर शहर के विधायक ताराचंद जैन, पूर्व विधायक, कांग्रेस नेता, जज सहित अन्य कई शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए।

---

## मिट्टी पर उकेरी राम मंदिर की भव्य कलाकृति

*__अजमेर।__ अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इसे लेकर पूरे देश में आस्था का माहौल है। वहीं, अजमेर के पुष्कर में भी एक ऐसा राम भक्त है, जिसने कई दिनों की कड़ी मेहनत से बालू मिट्टी के माध्यम से श्रीराम मंदिर की कलाकृति बनाकर श्रीराम भगवान को समर्पित किया है। पुष्कर के एक सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने सबसे बड़े राम मंदिर की कलाकृति बनाई है, सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने बताया कि पिछले एक महीने पहले कलाकृति बनाने की शुरुआत की गई थी, जो पूरी हो चुकी है। रावत ने बताया कि हर दिन इस पर उन्होंने तीन से चार घंटे बालू मिट्टी से कलाकृति बनाने का काम किया और इसमें 10 ट्रैक्टर से ज्यादा बालू मिट्टी काम में लाई गई।*




---

**लोगों ने जगह-जगह पुष्प बरसाकर किया स्वागत**

# अक्षत कलश यात्रा निकाली, बीस हजार से ज्यादा महिलाएं हुई शामिल

**बेधड़क** | गंगापुर सिटी

श्रीराम लला आनंद उत्सव समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में शनिवार को अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इसमें करीब 20 हजार महिलाएं सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाते हुई चल रही थी।

अक्षत कलश यात्रा की शुरुआत गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान से हुई। यहां पर विधिवत कलशों की पूजा की गई। इस दौरान महिला, पुरुष और युवा भगवान श्री राम के नारे लगाते हुए और भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से कचहरी रोड, कोतवाली थाना, देवी स्टोर चौराहा, खरी बाजार, चौपड़, बालाजी चौक, कैलाश टॉकीज, जामा मस्जिद, फव्वारा चौक होते हुए वापस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पहुंची।



### भगवान की झांकियां सजाई

यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमानजी के अलावा राम परिवार और सैकड़ों की संख्या में सजी झांकियां सजाई गई। अक्षत कलश यात्रा को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से तैयार था। थानाधिकारी तहसीलदार साथ चल रहे थे, जबकि पूरे यात्रा मार्ग में चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात थे। अक्षत कलश यात्रा का शहर के व्यापारियों, दुकानदारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाजों के द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह पर गुब्बारे और फूलों से सजावट की गई थी। करीब 400 से अधिक स्वागत द्वार बनाकर स्वागत किया गया। कलश यात्रा में बीजों के साथ में बज रहे भजन और श्री राम के जयकारों से पूरा शहर का माहौल राम मय हो गया।

### हनुमान चालीसा का पाठ

स्कूल खेल मैदान में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और इसके बाद में यात्रा का समापन कर सभी को श्री राम खिचड़ी प्रसादी के रूप में दी गई। आरएसएस के समय सिंह गुर्जर, विभाग प्रचारक मुकेश, ध्रुव घटा मासलपुर के संत हरेंद्र महाराज, सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर भी अक्षत कलश यात्रा में शामिल थे।

## कोटा में गूंजे जय श्री राम के नारे

**कोटा।** अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कोचिंग सिटी कोटा में विशेष आयोजन किए जा रहे है। मंदिरों में सजावट के साथ साथ कॉलोनियों में दीपक बांटे जा रहे है। श्रीराम मंदिर कोटा जंक्शन की ओर से आज शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बढ़ी संख्या में रामभक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते चले। शोभायात्रा में अखाड़ेबाजो ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किए। रामजी की झांकी के आगे आगे महिलाएं भी नाचते गाते चली। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन ने शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों पर फूल बरसाकर स्वागत किया। इधर विश्व हिंदू परिषद की और से गणेश मंदिर काला तालाब से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में हनुमान का पात्र निभाने वाले कलाकार ने थोड़ी देर बुलेट भी चलाई। जो अखाड़े बाजो ने एक से बढ़कर करतब



दिखाए। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया।काला तालाब गणेश मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा महात्मा गांधी तिरंगा चौराहा होती हुई सोगरिया पहुंची।

जेएनयू में आयोजित हुई कार्यशाला... विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

# बौद्धिक संपदा ढांचे में सुधार करने की जरूरत: डॉ.संदीप बक्शी

बेधड़क | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार दिए जाने का मूल उद्देश्य मानवीय बौद्धिक सृजनशीलता को प्रोत्साहन देना है। डॉ. बक्शी शनिवार को जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से पेटेंट्स और आईपीआर विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को अपने समग्र बौद्धिक संपदा ढांचे में परिवर्तनकारी बदलाव लाने की दिशा में अभी और काम करने की आवश्यकता है। बौद्धिक संपदा अधिकारों का क्षेत्र व्यापक होने के कारण यह आवश्यक समझा गया कि क्षेत्र विशेष के लिए उसके संगत अधिकारों एवं संबद्ध नियमों आदि की व्यवस्था की जाए। मनुष्य अपनी बुद्धि से कई तरह के आविष्कार और नई रचनाओं को जन्म देता है। उन विशेष आविष्कारों पर उसका पूरा अधिकार भी है लेकिन उसके इस अधिकार का संरक्षण हमेशा से चिंता का विषय भी रहा है। यूनिवर्सिटी में आयोजित इस कार्यशाला में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर और मोलसिस साइंटिफिक कंपनी बेंगलुरू मुख्य सहयोगी थे।



### 200 प्रतिभागी हुए शामिल

कार्यशाला में यूएस चैम्बर ऑफ कॉमर्स से डॉ. ब्रजेश बरसे, राजस्थान यूनिवर्सिटी से डॉ. मयंक बरनवाल, एमएसएमई राजस्थान से डॉ. अनिला चोररया विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलित हुए। विशेषज्ञों ने आज के समय में पेटेंट्स और आई पी आर के क्षेत्र में आ रहे अवसरों के विषयों में सभी को जागरूक किया। कार्यशाला में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### क्या है बौद्धिक संपदा अधिकार

बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) कानूनी संरक्षण का एक रूप है जो व्यक्तियों या कंपनियों को उनके रचनात्मक एवं अभिनव कार्यों के लिये प्रदान किया जाता है। ये अधिकार मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा के अनुच्छेद 27 में उल्लिखित हैं। बौद्धिक संपदा का प्रचार और संरक्षण आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है, नए रोजगार और व्यवसाय स्थापित करता है और जीवन की गुणवत्ता और आनंद में सुधार करता है।

## Yuva स्टोरीज

## कार्यकारिणी ने ली शपथ



बेधड़क | जयपुर

डॉ. अम्बेडकर तकनीकी शिक्षा कार्मिक संघ की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के वर्ष 2024 के चुनाव में घासीराम रैगर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। महासचिव पद पर घनश्याम मीना, कोषाध्यक्ष पद पर रामस्वरूप मीना निर्वाचित हुए। संपूर्ण राजस्थान से 90 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई। शनिवार को चुनाव अधिकारी महासचिव, डॉ. अंबेडकर मेमारियल वेलफेयर सोसायटी, राजस्थान जीएल वर्मा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई। इसके बाद पूर्व अध्यक्ष राकेश असवाल, पूर्व महासचिव रामफूल मीना, पूर्व कोषाध्यक्ष रामस्वरूप मीना ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करवाया।

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व आईपीएस यादराम फांसल के साथ ही घनश्याम मेहरा, महेश कुमार मीना, नीतिका मीना, दिनेश कुमार वर्मा, प्रहलाद मुंडोतिया, महेंद्र कुमार वर्मा व जगदीश धानका सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।



## प्रेरक सिद्धांतों पर चर्चा


बेधड़क | जयपुर

मालवीय कॉन्वेंट स्कूल में 'देश के प्रेरक महानुभावों के जीवन चरित्र' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजन में छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद समेत अन्य विभूतियों के विचारों और उनके जीवन के सिद्धांतों पर आधारित विशेष भाषणों, उनके प्रेरक विचारों आदि कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्वेतिका कपूर और उप प्रधानाचार्य सुलेखा मल्होत्रा ने बच्चो की प्रस्तुतियों की सराहना की।

## ACCA में शहर के स्टूडेंट्स ने लहराया परचम







बेधड़क | जयपुर

जयपुर शहर के तीन स्टूडेंट्स ने इंटरनेशनल लेवल के एग्जाम एसीसीए को क्वालिफाई करने में सफलता प्राप्त की है। जीसीईसी के बीकॉम ऑनर्स इंटरनेशनल फायनेंस के इन तीन छात्रो में विनमारा कूलवाल, अनुष्का गुप्ता और हर्ष शांडिल्य ने यह उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नियमित कड़ी मेहनत एवं मेंटर्स के मार्गदर्शन को दिया। निदेशक शिवी शर्मा ने बताया कि स्टूडेंट्स के लिए ये एक गौरवशाली उपलब्धि है। स्टूडेंट्स को नियमित रूप से इन एग्जाम्स के लिए तैयार किया जाता है।

जयपुर एजुकेशन समिट- 2024

# क्या और कैसे करेंगे बाद में पहले जानें क्यों करना है

बेधड़क | जयपुर

क्रेडेंट टीवी यूट्यूब चैनल की ओर से एसएस जैन सुबोध लॉ कॉलेज में आयोजित जयपुर एजुकेशन समिट (जेईएस-2024) के 5वें एडिशन का पहला दिन काफी खास रहा।

शिक्षा के इस पांच दिवसीय महाकुंभ के पहले दिन शनिवार को 10 से अधिक सेशन हुए जिसमें स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स को एजुकेशन के विभिन्न पहलुओं से रू-ब-रू होने का मौका मिला। जेईएस के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील नारनौलिया ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में जरूरी है कि आप लाइफ में क्या और कैसे करना चाहते हैं, लेकिन इससे पहले यह जानना जरूरी है कि आप उस काम को क्यों करना चाहते हैं। अगर इस 'क्यों' को समझ गए तो आपके लिए क्या और कैसे करने के सभी रास्ते अपने आप खुल जाएंगे।

एसएस जैन सुबोध लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) गौरव कटारिया ने बताया कि इस प्लेटफार्म के जरिए बच्चों को उन रियल हीरो से सीखने को मिलेगा, जिन्होंने समाज को बदला है। इस मौके पर सुबोध लॉ कॉलेज के राजेंद्र राजा एवं संजीव कोठारी, सेंट सोल्जर गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. शुभा शर्मा, कृषि जगत के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. महेंद्र मधुप, पूर्व आईपीएस अतुल कुमार माथुर, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक सतवीर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता भंवर मेघवंशी, अग्रवाल पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रद्युम्न सिंह राठौड़, साइन इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य भावना चौधरी और ट्री हाउस की प्राचार्य सरिता मौजूद रहे। मंच संचालन एमजीडी गर्ल्स स्कूल की लेक्चरर डॉ.रतना शर्मा ने किया।









### सेशंस के जरिए बढ़ी बच्चों की स्किल्स

क्रेडेंट टीवी यूट्यूब चैनल की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर प्राप्ति भाटी ने बताया कि योगा सेशन में बच्चों ने अरविंद सिंह और ऐश्वर्या भट्ट से योग के फायदे, तरीके और अन्य ट्रिक्स सीखीं। एजुकेशन एंड इंडस्ट्रीज इंटर-रिलेशनशिप में अंशुल जैन और प्रद्युम्न सिंह राठौड़ ने बच्चों को थ्योरिटिकल की जगह प्रैक्टिकल स्किल्स, क्रिएटिविटी, यूनीकनेस और वर्क प्लेस पर पैशन को जरूरी बताया। प्रो. शुभा शर्मा ने स्टूडेंट्स, पेरेंट्स, इंस्टीट्यूट और ऑथोरिटीज के बीच संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। पैनल में शामिल डॉ.अमित यादव ने बच्चों की अधिक से अधिक ट्रेनिंग पर जोर दिया। वहीं लाइफ कोच दिव्या श्रीवास्तव ने जीवन में गोल हासिल करने के लिए स्ट्रेस से दूर रहने और पॉजिटिविटी के बारे में व्याख्यान दिया।

### पिपलांत्री मॉडल की सीख रही खास

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल ने दीप प्रज्जवलित कर समिट का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने एक विशेष सेशन 'जर्नी ऑफ पिपलांत्री' में बच्चों को 'पिपलांत्री मॉडल' की जर्नी के माध्यम से संघर्ष, आत्मनिर्भरता, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। उन्हें 'क्रेडेंट रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

### एडवांस टेक्नोलॉजी पर पैनल डिस्कशन

अन्य सेशंस में एआई सहित अन्य एडवांस टेक्नोलॉजी पर पैनल डिस्कशन हुआ। वहीं भूंकप सुरक्षा सप्ताह-2024 के तहत आपदा प्रबंधन सहायता कार्यशाला का भी आयोजन हुआ जिसमें डीएम अमित शर्मा और हरिश सामरिया ने आपदा के समय ओर बाद में सावधानियों एवं बचाव कार्यों को लाइव डेमो से समझाया। इसके बाद ज्योति कुंडू और इंद्रनिल कुंडू ने बच्चों को मेडिटेशन का पाठ पढ़ाया। समरेंद्र सिंह ने डीएलएसए के बारे में बताया।

## रोहित मीणा बने इकाई अध्यक्ष और मनु मंत्री





बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई के रोहित मीणा अध्यक्ष होंगे। मनु दाधीच इकाई के अध्यक्ष चुने गए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई का सम्मेलन शनिवार को विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग सभागार में संपन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी राजेंद्र प्रजापत ने सत्र 2023-24 के लिए इकाई अध्यक्ष के रूप में रोहित मीणा व मंत्री के रूप में मनु दाधीच का निर्वाचन किया। सम्मेलन में इकाई के 2022-23 के कार्यकाल के विषय में मंत्री प्रतिवेदन में रोहित मीणा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने विद्यार्थियों के हितों को लेकर सड़क से विश्वविद्यालय तक लगातार संघर्ष किया है। गौरतलब है कि नवनिर्वाचित इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा 2018 एबीवीपी से जुड़े हैं व एमए लोक प्रशासन के छात्र हैं। मीणा ने पूर्व में इकाई सह मंत्री व इकाई मंत्री के दायित्व का निर्वाह किया है। वहीं नवनिर्वाचित मंत्री मनु दाधीच का विद्यार्थी परिषद से संबंध 2014 से है।

मनु वर्तमान में एंटरप्रेन्योरशिप विभाग के छात्र हैं व पूर्व में कॉमर्स कॉलेज इकाई उपाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई कार्यकारिणी सदस्य व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। विवि के एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने दोनों का स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं।



## शोध के आयामों पर हुई चर्चा

**जयपुर**। राजस्थान विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान शोध केंद्र में शोध प्रविधि पर राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न व्याख्यान हुए। समन्वयक डॉ. शालिनी चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम सत्र में प्रो. तारा सिंघल ने शोध के विभिन्न आयाम एवं शोध को उत्कृष्ट एवं समाज उपयोगी बनाने के लिए शोधार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में डॉ. कविता कच्छावा ने शोध के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। अंत में विशेषज्ञों ने शोधार्थियों ने प्रश्नों के जवाब दिए। कार्यशाला में डॉ. अशोक सिंह, डॉ. सुमन मौर्य ,डा. मीना रानी आदि मौजूद रहे।

कॉन्क्लेव | एनएचआरडीएन स्टूडेंट चैप्टर की शुरुआत

# सफल कॅरिअर बनाना है तो बनें ऑथेंटिक व ईमानदार

बेधड़क | जयपुर

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में शनिवार को नेशनल एचआर कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। 'रीडिफाइनिंग इंडस्ट्री 4.0: चैलेंजेज, अपॉर्चुनिटीज एंड इनोवेशन' थीम पर हुए इस कॉन्क्लेव में कई प्रमुख इंडस्ट्रीज के दिग्गज शामिल हुए। इस अवसर पर एनएचआरडीएन स्टूडेंट चैप्टर की शुरुआत भी की गई, जो उत्तर भारत का प्रथम चैप्टर है।

जे.के. ऑर्गेनाइजेशन के प्रेसीडेंट (ग्रुप एचआर) प्रेम सिंह कॉन्क्लेव के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी को यह स्टूडेंट चैप्टर शुरु किए जाने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज के स्टूडेंट्स ही भविष्य के सीईओ, एमडी सहित अन्य बड़े पदों पर होंगे। उन्होंने स्टूडेंट्स को सफल कॅरिअर के लिए ऑथेंटिक व जेनुइन बनने पर जोर दिया। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और एनएचआरडीएन स्टूडेंट चैप्टर की शुरुआत को एक महत्वपूर्ण पहल बताया।





### NHRDN नेटवर्किंग का बड़ा मंच

नेशनल एचआरडी नेटवर्क के डायरेक्टर जनरल धनंजय सिंह ने कहा कि एनएचआरडीएन नेटवर्किंग और जॉब के अवसरों का एक बड़ा मंच है, स्टूडेंट्स को इसका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। इनके अलावा एनएचआरडीएन, जयपुर के प्रेसीडेंट डॉ. अशोक बापना, डेलॉयट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पार्टनर व चीफ टैलेंट ऑफिसर एस.वी. नाथन और अकील बसराय कंसल्टिंग के सीईओ डॉ. अकील बसराय ने भी स्टूडेंट्स को संबोधित किया। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कॉन्क्लेव के तहत 'इंडस्ट्री 4.0: शेपिंग द फ्यूचर ऑफ वर्क', 'सॉफ्ट/ पावर स्किल्स फॉर कैरियर सक्सेस' और 'इमर्जिंग इंडस्ट्रीज एंड जॉब मार्केट' विषयों पर तीन पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए । इनमें उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने फ्यूचर ऑफ वर्क, पावर स्किल्स, तेजी से उभरती हुई प्रमुख इंडस्ट्रीज और जॉब मार्केट जैसे विषयों की जानकारी दी।




पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*सनातन संस्कृति में सात पुरियों का उल्लेख है। अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका। अथर्ववेद के दसवें मंडल में अयोध्या का वर्णन आया है। ब्रह्मा जी के पुत्र मनु द्वारा इसकी स्थापना और निर्माण का उल्लेख है। अयोध्या का निर्माण 6673 ईसा पूर्व किया गया था। स्कंद पुराण और ऋग्वेद के साथ शिव संहिता, वशिष्ठ संहिता, सुख संहिता, बौद्ध साहित्य और जैन साहित्य में भी अयोध्या का वर्णन आता है। वाल्मीकि रामायण में भी अयोध्या का वर्णन आता है। भगवान राम अयोध्या के 64वें राजा हुए।*

### मंगल भवन अमंगल हारी
### द्रवहुं सो दसरथ अजिर बिहारी



# आस्था, भक्ति और अध्यात्म की बह रही त्रिवेणी...
# आ रहे हैं प्रभु श्री राम

भगवान श्री राम घट घट के वासी हैं। कण-कण में व्याप्त हैं। श्री राम की महिमा अनंत है। राम भारत के जनमानस की आत्मा की धड़कन हैं। राम कथा और रामचरित्र समस्त भारत के जन-जन के हृदय में है। भगवान श्री राम सुशासन के प्रतीक हैं, वे सब के उद्धारक हैं। शील सौंदर्य गुण और शक्ति के साथ राम मानव की चरम उपलब्धि है।

सनातन संस्कृति में सात पुरियों का उल्लेख है। अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका। अथर्ववेद के दसवें मंडल में अयोध्या का वर्णन आया है। ब्रह्मा जी के पुत्र मनु द्वारा इसकी स्थापना और निर्माण का उल्लेख है। अयोध्या का निर्माण 6673 ईसा पूर्व किया गया था। स्कंद पुराण और ऋग्वेद के साथ शिव संहिता, वशिष्ठ संहिता, सुख संहिता, बौद्ध साहित्य और जैन साहित्य में भी अयोध्या का वर्णन आता है। वाल्मीकि रामायण में भी अयोध्या का वर्णन आता है। भगवान राम अयोध्या के 64वें राजा हुए। महर्षि वाल्मीकि ने अयोध्या की शोभा और महत्ता की तुलना इंद्रलोक से की है, जो धन-धान्य और रत्नों से भरी हुई थी और यहां गगनचुंबी इमारतें भी होने का वर्णन वाल्मीकि रामायण में किया है। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद 500 वर्ष बाद अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, पूरे विश्व मे उल्लास और उमंग का माहौल है। 22 जनवरी को राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दिन देश में राम दिवाली मनाई जानी तय की गई है। घी के दीपक जलेंगे, मंगल गान होंगे, घरों, मंदिरों की सजावट होगी और सैकड़ों वर्षों की हिंदू आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान का नव राम युग प्रारंभ होगा।

## रामराज के वैभव का प्रतिरूप होगा हमारा राम मंदिर

- अयोध्या के रामघाट चौराहे पर श्री राम मंदिर निर्माण कार्यशाला में 80 हजार ईंटें और जानकी शिलाएं 1989 में एकत्र की गई थीं, उनसे राम मंदिर का निर्माण किया गया है।
- तीन मंजिला राममंदिर 161 फुट ऊंचा, 380 फुट लंबा और 250 फीट चौड़ा होगा।
- इसमें कुल 392 खंबे और 44 द्वार होंगे। राम मंदिर के सभी 44 द्वारों पर 100 किलोग्राम से अधिक सोना चढ़ाया जा रहा है।
- गर्भ गृह में भगवान का बाल स्वरूप रामलला का विग्रह एवं चबूतरा होगा
- प्रथम तल पर राम दरबार का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर क्षेत्र में कुल पांच मंडप होंगे नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, गुड़ मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप। मंदिर के प्रवेश द्वार पर हनुमान जी, गरुड़ जी, सिंह और हाथी की मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं।
- राम मंदिर में प्रशासनिक भवन, भोजनशाला, गौशाला, अशोक वाटिका , पुष्प वाटिका, नक्षत्र वाटिका, दुर्गा वाटिका बनाई जा रही हैं।
- अंगद टीला, कुंड और मंडप, नलजी टीला, रामलीला मैदान, राम कथा सरोवर, रंगशाला, एम्फी थिएटर, कुबेर टीला, धर्मशाला, राम वाटिका, लक्ष्मण वाटिका, लव कुश कुंज, दीप स्तंभ बनाए जा रहे हैं।

## भ्रमण के लिए 10 किलो चांदी की प्रतिमा



- विशेष अवसरों पर भ्रमण के लिए 10 किलो चांदी से बनी रामलला की उत्सव मूर्ति लाई गई है।
- जयपुर से तेल और घी के पीपे, छत्तीसगढ़ से 3000 क्विंटल चावल, नेपाल से सोने चांदी के जेवर, धनुष, फल, मिठाइयां, दक्षिण से सोने की चरण पादुकाएं, 108 फुट की अगरबत्ती जैसी अनेक वस्तुएं अयोध्या पहुंच रही है।
- साथ ही देश मे 22 जनवरी को 1 लाख करोड़ से ज्यादा का व्यापार होने की उम्मीद है।
- प्रतिवर्ष अयोध्या में पर्यटन से 55 हजार करोड़ आय का अनुमान है। कुल मिलाकर अयोध्या फिर से रामकृपा से चेतना और समृद्धि का वैश्विक केंद्र बनने वाली है।




## मंदिर की आयु एक हजार साल




- मंदिर में 5000 भक्तों के लिए वेटिंग हाल, 25 हजार भक्तों के लिए दरहनार्थी केंद्र, क्लॉक रूम बनेगा।
- अगस्त्य ऋषि, वाल्मिकी ऋषि, वशिष्ठ ऋषि, विश्वामित्र ऋषि, निषादराज, जटायु, शबरी माता मन्दिर की भी योजना है।
- एक आकर्षण 25 लाख की लागत का छह फुट ऊंचा, फुट चौड़ा अष्टधातु का घंटा भी है।
- मंदिर की आयु एक हजार वर्ष की होगी।
- 15000 यात्रियों की क्षमता का अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन बनाया गया है। प्रतिवर्ष 10 लाख यात्रियों की क्षमता का महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया गया है।
- अनेक पथ, भक्ति मार्ग, श्रद्धा मार्ग, विभिन्न कुंड, अनेक विशिष्ट चौराहे, सूर्यस्तम्भ लाइट्स, रामपथ, धर्मपथ, लाता मंगेशकर चौक, नौ हवन कुंड बनाये गए हैं

## कविता

### तालों ने रोका रिश्तों को...






गुलाब कुमावत खीमेल
शिक्षक सांचौर


गाँव की गलियों में
घरों की चौखट पर
लगे ताले....
बंद घरों की ही
निशानी नहीं है।
सिमटते रिश्तों की
कहानी भी है।
टूटते रिश्तों की
निशानी भी है।
पहले घरों में
बंटवारे ने
अलगाव की
लकीरें खींची
फिर लगे
दरवाज़ों के तालों ने......
रिश्तों को रोका
बस यहीं से
शुरू हुई
रिश्तों के टूटने की
शुरुआत......
पहले भाई बहनों के
रिश्तों में आई दरारें
फिर भाइयों में बढ़ी दूरियां
फिर भी
यहाँ तक तो ठीक था
हद तो तब हुई
जब छोड़ने लगे
माँ बाप को ..
न बेटे का
कलेजा पसीजा
न आत्मा रोई....
बेटा अपनी आजादी
मान रहा था...
माँ-बाप अपनी
परवरिश की कमी
बस यही फर्क मुझें
दर्द भी दे रहा था....
औऱ दुख भी.....

## पुस्तक समीक्षा

### संवेदनाओं का गुलदस्ता



रेनू शब्दमुखर
जयपुर




कविता मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-सम्बन्धों के संकुचित भावों से ऊपर उठा कर लोक-सामान्य भाव-भूमि पर ले जाती है, जहां जगत की नाना गतियों के मार्मिक स्वरुप का साक्षात्कार और शुद्ध अनुभूतियों का संचार होता है। 'रेत के स्तूप' में निहित कविताएं लेखिका की अभिव्यक्ति का इंद्रधनुषी रूप है जिसमें उन्होंने कुछ भोगे गए यथार्थपरक अनुभवों और कुछ अनुभूत संवेदनाओं युक्त भावों को कविता की लयात्मक अनुभूतियों के माध्यम से बहुत ही सहज, सरल भावपरक अभिव्यक्ति दी है।

अपनी पहली कृति में ही कवयित्री ने उत्कट सिसृक्षा की अभिव्यक्ति देते हुए परिनिष्ठित भाषा और बिम्ब का चित्र खींचा है। 'रेत के स्तूप' काव्य संग्रह का शीर्षक ही अपने आप में विलग है। बिंब-प्रतीक के माध्यम से आदर्श- यथार्थ के बीच संबंध स्थापित करती हुई शीर्षकानुरुप यह रचना जीवन दर्शन की युगीन संवेदना को अभिव्यक्त करती है।

'रेत के स्तूप से
बनकर ढहे नित हम
स्वप्न कल्पित कल्पना यह
पा सके साफल्या मृग
जबकि अपने शब्द से न खोल पाए
अर्थ के दृग !'

कविता मेरी पहचान की एक बानगी देखिए-

मैं सत्य हूं कलयुग का
प्राचीन धरोहर- सा मलिन -मुख

डॉ. नूतन के इस काव्य संग्रह में कविताओं के विविध रंग दिखाई पड़ते हैं और उनकी सशक्त लेखनी इसका परिचय देती है। कविताओं के प्रति उनकी गहन अनुरक्ति है वह समझ में होने वाली घटनाओं को सूक्ष्म दृष्टि से ही नहीं देखतीं बल्कि संजीदगी व शिद्दत से महसूस करती हैं और कविता में ढालती हैं। तभी तो वह - उम्मीदों के परिंदे, लक्ष्य, फासले, आह्वान, ए जिंदगी, बौने होते हुए रिश्ते, आधुनिक होली जैसी कविताएं रच कर सुधि पाठकों को सौंपती है।

देखिए छप्पय छन्द में हिंदी के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कवयित्री ने लिखा है

...'मातृ' मात्र हो गई ......आजादी के बाद इसी...। देववाणी संस्कृत और हिंदी की सौंदर्यपूर्ण भाषा का साक्षात्कार करने वाली बहुआयामी व्यक्तित्व की स्वामिनी

डॉ. नूतन एक जानी पहचानी शिक्षाविद, साहित्यकार व नाट्यकर्मी होने के साथ ऐसी रचनाकार हैं जिन्होंने अपने नवीनतम काव्य संग्रह में विविध रंग की कविता-प्रकृति के चित्र हों या समाज की व्यथा कथा, विकासवाद की भेंट चढ़ती जिंदगी हो कि विनाशवाद के निमंत्रण प्रतीक चिह्न, भौतिकता का भंवर, वर्तमान की यांत्रिकता, झूठ -प्रतिहिंसा, भ्रष्टाचार के कांटे, उपभोक्तावादी समाज की विभीषिका इन सभी पहलुओं को कवयित्री ने गहन और तीव्र संवेदन के साथ सशक्तता से अभिव्यक्त किया है। संयम, संतुलन और अर्थगंभीर्य धारण किए हुए सरल, सीधी पांडित्य पूर्ण अभिव्यक्ति शैली की 69 कविताओं का गुलदस्ता सहज पाठक को तो प्रभावित करता ही है साथ ही साहित्यजगत के लिए सर्जना के क्षेत्र में नई ऊर्जा प्रदान करता है। शिक्षा व साहित्य के लिए समर्पित महिला डॉ. नूतन जो अनेक विधाओं में लिखती है और अपने इस उत्कृष्ट कृति के माध्यम से समाज में घट रही विसंगतियों, विद्रूपताओं तथा नैतिक क्षरण का हृदय स्पर्शी वर्णन कर एक संवेदनशील नागरिक होने का परिचय दिया है और अपने सृजन के बल पर साहित्य जगत में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

अंत में यही कहूंगी कि डॉ. नूतन इस सुंदर अभिव्यक्ति के लिए बधाई की पात्रा हैं। एक बार आपको पुनः शत-शत बधाइयां तथा नूतन सृजन हेतु मंगल कामनाएं।

## लघु कथा

### अम्मा जी



भागीरथ गूर्जर
जयपुर

वे दोनों बहुत तेज कदमों से चल रहे थे.

"अरे भीमा मनै लागे घणी देर होगी.. सेठ रोळा करेलो।"

"चाल भाई तेजा.. अब कांई करा..बस वालो ही लेट कर दियो."

ये दोनों मजदूर एक सोने-चांदी के व्यापारी के यहां फर्श की घिसाई का काम कर रहे हैं। बंगला नया तैयार हुआ है। बंगले के मार्बल फर्श की घिसाई का काम ही ये दोनों कर रहे हैं। वे बंगले के बाहर पहुंचे ही थे कि तभी पड़ौस में रहने वाले बुजुर्ग ने उन्हें रुकने का इशारा किया और कहा," आज तो शायद उनके यहां काम नहीं होगा। सोनी साहब की अम्मा जी गुजर गयी हैं।

वे वापस लौटने को हुए तभी ऊपर छत से सोनी साहब ने उनको वापस जाते देखा तो कहा," कैसे दुम दबाकर भाग रहे हो? अन्दर आओ! देर से आये हो और चुपचाप भाग रहे हो!"

भीमा और तेजा उस पड़ौसी का मुंह ताकने लगे। पड़ौसी भी भौंचक्का सा खड़ा रहा।

जब वे दोनों बंगले का लोहे का बड़ा गेट खोलकर अंदर दाखिल हुए तो सोनी साहब भी नीचे आ गए थे।

वे बोले,"क्यों रे कामचोरों.. कैसे नीचे से ही भाग रहे थे?"

"सेठजी वो आपके पड़ौसी ने कहा कि आपकी अम्मा जी..."

"अरे तो अम्मा मेरी मरी है तुम्हारी थोड़ी.. तुम तो अपना काम करो। कब तक लेके बैठे रहोगे इस काम को।

फिर बुरा सा मुंह बनाते हुए सोनी साहब बोले," इस डोकरी को भी अभी मरना था। सावों का टाइम है। अब तीन दिन तो दुकान खुलने से रही। डोकरी जाते-जाते भी नुकसान करा गई।"

वे दोनों मजदूर कुछ सोचते हुए अपनी घिसाई का काम शुरू कर चुके थे।

## अरुणाचल प्रदेश पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा: भाजपा व राज्य सरकार पर साधा निशाना

# लोगों की कठिनाइयां एवं उनके दिल की बात सुनने आया हूं: राहुल

**एजेंसी** | ईटानगर/लखीमपुर

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को असम के लखीमपुर जिले के बोगीनाडी से फिर से शुरू हुई और शाम को अरुणाचल प्रदेश पहुची। पापुम पारे जिले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नबाम तुकी ने राहुल गांधी का स्वागत किया। झंडा सौंपने का कार्यक्रम नबाम तुकी और असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन बोरा के बीच हुआ। इस दौरान दोनों राज्यों के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे। राहुल गांधी ने गर्मजोशी से स्वागत के लिए लोगों का धन्यवाद किया। पारंपरिक निशी टोपी पहने राहुल गांधी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ दोईमुख रवाना हुए। वहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा व अरुणाचल सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा की मानसिकता है कि पूरे भारत पर दिल्ली से शासन किया जाए और पूरे देश में हिंदी भाषा का प्रसार हो। सभी भारतीय हिंदी का ही इस्तेमाल करें। हमारी मानसिकता है कि हिंदी का अपना स्थान है और आपकी अपनी भाषा का भी अपना स्थान है। आपके राज्य में शासन यहीं से होना चाहिए, न कि दिल्ली से। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। आप टैक्स भरते हैं, लेकिन उसका फायदा आपको नहीं मिलता।

सड़क में गड्ढे हैं, सड़क नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य लोगों की दिल की आवाज एवं उनकी कठिनाइयों को सुनना है। वह कठिनाइयों को सुनकर उनकी आवाज को संसद में उठाएंगे और देश में इस बारे में बताएंगे।



### असम में उपद्रवियों ने फाड़े पोस्टर, तोड़फोड़ की

इससे पहले शुक्रवार रात असम के लखीमपुर जिले में अज्ञात उपद्रवियों ने कथित तौर पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बैनर और पोस्टरों में तोड़फोड़ की और उन्हें उतार दिया। कांग्रेस पार्टी ने लखीमपुर की घटना का एक वीडियो क्लिप साझा किया, जिसमें उपद्रवियों को न्याय यात्रा के बैनर उतारते और तोड़फोड़ करते देखा जा सकता है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि इस घटना के पीछे कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं पर भी हमला किया गया और उपद्रवियों ने कारों में तोड़फोड़ की। असम कांग्रेस ने कहा, शुक्रवार रात, भाजयुमो ने युवा कांग्रेस से जुड़े वाहनों में तोड़फोड़ की। इस बीच, असम कांग्रेस ने कहा है कि कांग्रेस पुलिस शिकायत दर्ज करने की योजना बना रही है, जिसमें भाजपा से जुड़े उपद्रवियों को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया जाएगा।

### आज ईटानगर पहुंचेंगे राहुल

कांग्रेस ने ट्वीट किया, भारत जोड़ो न्याय यात्रा अरुणाचल प्रदेश की धरती पर आगे बढ़ रही है। आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय की इस महालड़ाई में जनता उनके साथ है। कोई भी ताकत कांग्रेस को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को नहीं रोक सकती है। बता दें कि राहुल रविवार सुबह होलोंगी से होकर ईटानगर जाएंगे। उनकी अरुणाचल प्रदेश यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### अति पिछड़ा वर्ग के 75 लोगों को लड़ाऊंगा चुनाव



**पटना।** चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर ने शनिवार को घोषणा की कि अगले बिहार विधानसभा चुनाव में एक राजनीतिक प्लेटफॉर्म से अति पिछड़ा समाज के 75 लोगों को चुनाव लड़ाऊंगा। इस घोषणा के बाद यह तय माना जा रहा है कि प्रशांत किशोर जल्द नई राजनीतिक पार्टी का गठन कर सकते हैं। प्रशांत किशोर ने यहां कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों का हक हर उस सरकार ने मारा है, जो पिछड़ों की बात कर पिछड़ों से सिर्फ वोट लेती आई है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज प्रत्येक वर्ष अति पिछड़ा समाज के 500 मेधावी बच्चों को शिक्षा भी दिलाएगा। राज्य के प्रत्येक जिले से 10 से 15 बच्चों को चुना जाएगा।

### सीएम सोरेन से ED ने की 7 घंटे तक पूछताछ

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से ईडी ने शनिवार को पूछताछ की। सीएम आवास पर ही सवाल-जवाब हुए। पूछताछ कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले को लेकर की गई। ईडी की टीम करीब सात घंटों की पूछताछ के बाद सीएम आवास से बाहर निकली। पूछताछ के बाद सीएम सोरेन समर्थकों से मिले। उन्होंने कहा, हमने झारखंड लड़कर लिया है। झारखंड को षड्यंत्रकारी के हाथ में नहीं कभी नहीं जाने दें। अब समय आ चुका है कि इनके ताबूत पर हमलोग आखिरी कील ठोकेंगे। वह इससे पहले, ईडी द्वारा सात बार समन जारी किए जाने के बावजूद वह पूछताछ के लिए एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी द्वारा आठवीं बार उन्हें समन जारी किए जाने पर आखिरकार उन्होंने अपनी सहमति दे दी।

## लोस व विधानसभा चुनाव साथ कराने पर विचार

# हर 15 साल में EVM पर खर्च होंगे 10 हजार करोड़

**एजेंसी** | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने की स्थिति में उसे नई 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) खरीदने के लिए प्रत्येक 15 वर्ष में करीब 10,000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी।

आयोग ने सरकार को भेजे एक पत्र में यह बात कही है। आयोग ने कहा कि ईवीएम के उपयोग की अवधि 15 साल है और यदि एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो मशीनों के एक सेट का उपयोग उनके इस्तेमाल की इस अवधि के दौरान तीन बार चुनाव कराने के लिए ही किया जा सकता है। आयोग ने पिछले अनुभवों के आधार पर सरकार को पत्र भेजा। आयोग ने कहा है कि इस साल आम चुनाव कराने के लिए देशभर में करीब 11.80 लाख मतदान केंद्र बनाने की जरूरत होगी।

आयोग ने कहा है कि एक साथ चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर ईवीएम के दो सेट (एक लोकसभा सीट के लिए और दूसरा विधानसभा क्षेत्र के लिए) की जरूरत होगी। आयोग के अनुसार मतदान के दौरान दोषपूर्ण इकाइयों को बदलने के लिए कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होती है। इस संबंध में एक ईवीएम के साथ कम से कम एक बीयू, एक सीयू और एक वीवीपैट मशीन की जरूरत होती है। आयोग ने पिछले साल फरवरी में कानून मंत्रालय को लिखे अपने पत्र में कहा था कि विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, एक साथ मतदान के वास्ते आवश्यक न्यूनतम ईवीएम और वीवीपैट के लिए 46,75,100 बीयू, 33,63,300 सीयू और 36,62,600 वीवीपैट होने चाहिए।




### EVM की प्रति यूनिट लागत है 7,900 रुपए

आयोग ने कहा है कि पिछले साल के शुरुआत में ईवीएम की लागत करीब 7,900 रुपए प्रति बैलेट यूनिट, 9,800 रुपए प्रति कंट्रोल यूनिट और 16,000 रुपए प्रति वीवीपीएटी थी। चुनाव आयोग ने यह जानकारी कानून मंत्रालय की ओर से भेजे गए सवालों के जवाब में कही। आयोग ने अतिरिक्त मतदान और सुरक्षाकर्मियों, ईवीएम के लिए भंडारण सुविधाओं में वृद्धि और ज्यादा वाहनों की जरूरत पर भी जोर दिया।

### पांच अनुच्छेदों में संशोधन की होगी जरूरत

आयोग ने कहा कि नईमशीनों के उत्पादन, भंडारण सुविधाएं बढ़ाने और साजो-सामान से जुड़े अन्य मुद्दों को ध्यान में रखते हुए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का एक साथ पहला चुनाव 2029 में ही हो सकता है और इसके लिए संविधान के पांच अनुच्छेदों में संशोधन की जरूरत होगी। पत्र में यह भी कहा गया कि दल-बदल के आधार पर अयोग्यता से संबंधित संविधान की 10वीं अनुसूची में भी आवश्यक बदलाव की आवश्यकता होगी। ज्ञात रहे कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति को लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने की पड़ताल करने तथा सिफारिश करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## बिहार में सियासी हलचल तेज

# नीतीश ने राजद कोटे के 3 मंत्रियों के बदले विभाग

- चंद्रशेखर को अब दिया गया गन्ना विभाग

**एजेंसी** | पटना।

सीटों के बंटवारे को लेकर गरमाई सियासतके बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राजद कोटे के तीन मंत्रियों के विभागों को बदल दिया। जिन मंत्रियों का विभाग बदला गया उनमें शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर, भू-राजस्व मंत्री आलोक मेहता और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ललित यादव शामिल है। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में विभागों में बदलाव

की जानकारी दी गई है। नियमित रूप से अपने वक्तव्यों की वजह से विवाद में रहने वाले चंद्रशेखर की शिक्षा विभाग से विदाई को सियासी हलकों में अहम माना जा रहा है। चंद्रशेखर को अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण गन्ना विभाग का जिम्मा दिया गया है।

अधिसूचना के अनुसार चंद्रशेखर के अलावा आलोक कुमार मेहता को शिक्षा विभाग और ललित कुमार यादव को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का कार्य अगले आदेश तक आवंटित किया गया है। कहा जा रहा कि चंद्रशेखर को शिक्षा विभाग से विदा किए जाने को ले शुक्रवार को ही उस समय सहमति बन गई थी, जब राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक अणे मार्ग जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भेंट की थी। चंद्रशेखर के विभाग में बदलाव की वजह शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के साथ उनकी अनबन को भी माना जा रहा। पाठक गत दिनों जब छुट्टी पर गए थे तो शिक्षा मंत्री ने सार्वजनिक रूप से यह कहा था वह शिक्षा विभाग से विदा हो गए। वह काम नहीं करना चाहते थे, इसी वजह से छोड़कर चले गए। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने केके पाठक को बुलवाया। मुख्यमंत्री से बातचीत के अगले ही दिन पाठक विभाग में पहुंच गए। शिक्षा मंत्री के रूप में राम मंदिर, अयोध्या और रामचरितमानस पर लगातार बयान देकर भी चंद्रशेखर विवादों में घिर गए थे।



### सीटों के बंटवारे पर नहीं बनी सहमति

बिहार में राजद व जदयू के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर अभी सहमति नहीं बन पाई है। दोनों ही पार्टियां राज्य की 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती हैं लेकिन सहमति नहीं बन पा रही है। इस बीच दोनों पार्टियों के बीच रिश्तों में असहजता की अटकलें भी जारी हैं। राजनीतिक क्षेत्रों में यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि नीतीश फिर भाजपा के करीब आ सकते हैं।

## शरद पवार ने साधा केंद्र पर निशाना

# विरोधियों पर ईडी का इस्तेमाल

**एजेंसी** | सोलापुर

राकांपा के संस्थापक शरद पवार ने एक बार फिर केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों को डराने और चुप कराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। शरद पवार ने उनकी पार्टी के विधायक रोहित पवार को जारी ईडी के समन के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। ईडी ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में धन शोधन जांच के सिलसिले में 24 जनवरी को पूछताछ के लिए रोहित पवार को तलब किया है। ईडी ने 5 जनवरी को बारामती, पुणे, औरंगाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर रोहित पवार के स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो और कुछ संबंधित इकाइयों के परिसर पर छापा मारा था। रोहित पवार रिश्ते में शरद पवार के पोते हैं। सत्ता का दुरुपयोग करके ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को चुप कराने और उन्हें डराने के लिए किया जा रहा है।

### एमवीए के विस्तार की तैयारी

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा कि प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) और वामपंथी दलों को महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में लाने के लिए बातचीत चल रही है।

### अजित पवार पर साधा निशाना

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बार-बार दोहराए जाने वाले बयान के बारे में पूछे जाने पर कि बुजुर्ग लोग युवाओं को राजनीति में मौका नहीं दे रहे हैं। शरद पवार ने कहा कि वह ऐसी बातों को महत्व नहीं देते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति में मौका किसने दिया?

## लोकसभा चुनाव: कांग्रेस शुरू करेगी सभा और संवाद अभियान

# खरगे देंगे कार्यकर्ताओं को रणनीति का मंत्र

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने अलग-अलग राज्यों में अपने कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को चुनाव के मद्देनजर आगामी रणनीति और तैयारियों से जुड़े गुरु मंत्र देने की योजना बनाई है। इसके तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगामी कुछ दिनों में विभिन्न राज्यों का दौरा करने की योजना है।

इस कवायद का मकसद कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश के साथ लोगों के बीच जाकर संपर्क और संवाद करना है। इसके तहत खरगे रविवार को



असम के कलियाबोर (नागांव) में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्व की ओर से यह संदेश दिया जाएगा कि उन्हें जमीन पर पार्टी की बात, उसका संदेश, उसकी विचारधारा किस तरह लेकर जानी है।

यह भी बताया जाएगा कि किन मुद्दों को जनता के बीच लेकर जाना है, किस तरह से भाजपा के दुष्प्रचार की काट करनी है। कहा जा रहा है कि इस कवायद का एक मकसद अलग-अलग राज्यों में पार्टी कार्यकर्ताओं को विपक्षी गठबंधन इंडिया और घटक दलों के साथ मिलकर विपक्षी खेमे का प्रचार करने के लिए तैयार करना है।

### हैदराबाद में सभा 25 को

वहीं, कांग्रेस की आगामी 25 जनवरी को हैदराबाद में एक बड़ा संवाद कार्यक्रम करने की योजना है। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष तेलंगाना राज्य भर से आए बूथ कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान हैदराबाद में एक जनसभा का आयोजन भी हो सकता है। जबकि आगामी 27 जनवरी को तमिलनाडु में और 28 जनवरी को उत्तराखंड में कांग्रेस अध्यक्ष सभाएं लेंगे। इन दोनों ही राज्यों में खरगे अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

## पश्चिम बंगाल: सीटों के बंटवारे पर घमासान

# सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के टीएमसी के दावे पर बिफर गई कांग्रेस

**एजेंसी** | कोलकाता

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट बंटवारे पर खींचतान जारी है।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने शनिवार को 42 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की बात कही। इस पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष और सांसद अधीर रंजन चौधरी ने पलटवार किया है।

चौधरी ने महासचिव कुणाल घोष का नाम लिए बगैर टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि मुझे इस बात की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं की ओर से पहले ही सब कुछ स्पष्ट किया जा चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि वह पहले भी चुनाव लड़कर और जीत हासिल करके यहां पहुंच चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम चुनाव लड़ना और जीतना जानते हैं।



"वह पहले भी चुनाव लड़कर और जीत हासिल कर यहां पहुंचे हैं। हम चुनाव लड़ना और जीतना जानते हैं।
**अधीर रंजन चौधरी**




"कांग्रेस को जमीनी हकीकत के आधार पर सीट बंटवारे पर बात करनी
**कुणाल घोष**

### बिना भेदभाव के विकास करती है TMC

उन्होंने कहा कि जहां भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर राजनीति कर रही है। वहीं, टीएमसी लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। इसलिए उसके वोट शेयर में वृद्धि देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह राज्य में बिना राजनीति किए विकास कार्य करती है। भाजपा और कांग्रेस की तरह टीएमसी झूठे वादे नहीं करती है। उन्होंने कहा, सितंबर में हमारे पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने धुपगुड़ी के लोगों से वादा किया था कि वह इस क्षेत्र को सब-डिवीजन में अपग्रेड करेंगे। हाल ही में टीएमसी प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी ने बताया कि धुपगुड़ी अब सबडिवीजन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह टीएमसी उन स्थानों पर विकास कार्य करने से भेदभाव नहीं करती जहां उनका निर्वाचित प्रतिनिधि न हो। उन्होंने कहा, बंगाल में भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए उसने राज्य को फंड देना बंद कर दिया है। लेकिन धुपगुड़ी में निर्मल राय से पहले टीएमसी का एक भी विधायक नहीं था, इसके बावजूद राज्य सरकार वहां विकास कार्य करना बंद नहीं किया।

### भाजपा को ऑक्सीजन दे रही है कांग्रेस

उधर, टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा था कि कांग्रेस की प्रदेश इकाई यहां तृणमूल कांग्रेस पर हमला कर रही है और भाजपा को ऑक्सीजन दे रही है। इस तरह से नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को जमीनी हकीकत के आधार पर सीट बंटवारे पर बात करनी चाहिए लेकिन वह दबाव की राजनीति कर रही है। घोष ने यह भी कहा कि सीटों के बंटवारे के मामले पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करेंगी।

## जरूरी खबर

### इतिहास रचेगी तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की परेड में पहली बार थलसेना, नौसेना और वायुसेना की एक महिला टुकड़ी कर्तव्यपथ पर कदमताल करत नजर आएगी। इस बार परेड महिलाओं पर केंद्रित होगी। जिसकी थीम 'विकसित भारत' और 'भारत-लोकतंत्र मातृका' होगी। जिसका आगाज सौ महिला कलाकार शंख, नगाड़ा और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ करेंगी। इस महिला टुकड़ी का नेतृत्व छब्बीस वर्षीय कैप्टन संध्या करेंगी। एक अभ्यास सत्र के बाद उन्होंने कहा, यह अवसर पाकर मैं खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हूं।

### फिलिस्तीनी विदेश मंत्री से मिले जयशंकर


**कंपाला/ नई दिल्ली।** युगांडा की राजधानी कंपाला में गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे विदेश मंत्री एस जयशंकर शनिवार को अपने फिलिस्तीनी समकक्ष रियाद अल-मलिकी से मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने गाजा में चल रहे संघर्ष पर विस्तार से चर्चा की। दो दिवसीय सम्मेलन का शनिवार को अंतिम दिन था। जयशंकर ने रियाद के साथ मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, कंपाला में फिलस्तीनी विदेश मंत्री डॉ. रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा।

### तीन साल में देश नक्सली खतरे से हो जाएगा मुक्त



**तेजपुर (असम)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन वर्षों में नक्सलवाद के खतरे से मुक्त हो जाएगा। अमित शाह ने यहां सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि एसएसबी सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, इतिहास, स्थलाकृति और भाषा को सूक्ष्मता से एकीकृत करने और लोगों को एक साथ लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है। गृह मंत्री ने इस अवसर पर एक डाक टिकट जारी करने के अलावा तीन बटालियनों को ट्रॉफी के साथ छह एसएसबी कर्मियों को अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार प्रदान किए।

## नयनाभिराम राम मंदिर





*अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मंदिर को सजाया जा रहा है। मंदिर को अंदर से फूलों से सुसज्जित किया गया है। वहीं, अलग-अलग तरह की प्रकाश व्यवस्था मंदिर को दर्शनीय बना रही हैं। मंदिर के भीतर के भव्य दृश्य।*

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा: आज से दो दिन नहीं होंगे दर्शन

# अचल विग्रह का अभिषेक निकाली पालकी यात्रा

**एजेंसी** | अयोध्या

श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान के पांचवे दिन शनिवार को रामलला के अचल विग्रह का औषधियुक्त 81 कलशों के जल से अभिषेक किया गया। साथ ही नए राममंदिर की वास्तुशांति भी हुई। इससे पहले अधिवास में रहे रामलला के रजत विग्रह को वेदमंत्रों के जरिए सुबह जगाया गया, फिर पूजन-अर्चन के बाद उनकी पालकी यात्री निकाली गई। रजत विग्रह को पालकी पर सवार कर यज्ञमंडप की परिक्रमा कराई गई। इस दौरान पूरा मंदिर वेदमंत्रों से गूंजता रहा। अनुष्ठान में श्रीरामलला के विग्रह के अधिवास के साथ शनिवार को मुख्यतः वास्तुपूजा हुई।

इससे पहले अनुष्ठानों की शुरुआत गणपति की आराधना के साथ हुई। फिर मंडप के सारे आवाहित देवताओं का पूजन हुआ। रविवार को भी विग्रह के अधिवास की प्रक्रिया जारी रहेगी। अनुष्ठान के तहत भगवान राम की चांदी की मूर्ति का पूजन किया गया।



### पीएम मोदी कल सुबह पहुंचेंगे अयोध्या

पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेने 22 जनवरी को सुबह 10.25 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। इसके बाद वह 10.55 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचेंगे। पीएम मोदी दोपहर 12.05 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और पूजा करेंगे। दोपहर एक बजे अयोध्या में सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और फिर दोपहर सवा दो बजे कुबेर टीला पर शिव मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे।

### अब श्रद्धालुओं को दर्शन 23 से ही

रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को शनिवार से तीन दिनों तक रामलला के दर्शन नहीं होंगे। 20 व 21 को अस्थायी राममंदिर में दर्शन बंद रहेगा, जबकि 22 जनवरी को नए मंदिर में रामलला की अचल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दिन केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद अतिथियों को ही दर्शन हो सकेंगे। आम श्रद्धालु 23 को ही नए मंदिर में रामलला के दर्शन कर पाएंगे।

### पीएम हर रोज एक घंटे 11 मिनट तक कर रहे हैं पूजा

पीएम मोदी ने 22 जनवरी होने वाली प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिन का विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। वे हर रोज ब्रह्म मुहूर्त में एक घंटे 11 मिनट तक पूजा करते हैं। वे यम नियमों का पालन करते हुए फर्श पर कंबल ओढ़कर सो रहे हैं और नारियल पानी का सेवन कर रहे हैं। वह सात्विक भोजन भी ले रहे है। वे हर रोज गौपूजा करते हैं और गायों को चारा खिलाते हैं। वह प्रतिदिन अलग-अलग तरह के दान जैसे अन्नदान, वस्त्रदान इत्यादि भी करते हैं। साथ ही प्रधानमंत्री देशभर के मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

## तस्वीर वायरल होने की जांच हो: पुजारी

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने से पहले भगवान राम की मूर्ति की आंखें दिखाई नहीं जा सकतीं। जिस मूर्ति में भगवान राम की आंखें देखी जा सकें, वह असली मूर्ति नहीं है। अगर आंखें देखी जा सकती हैं तो आंखें किसने दिखाईं और मूर्ति की तस्वीरें कैसे वायरल हो रही हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति अनुष्ठान करता है उसे फर्श पर सोना होता है, झूठ नहीं बोलता, 'गायत्री मंत्र' का जप करता है। पत्ते पर भोजन करना होता है और 'ब्रह्मचर्य' का पालन करना होता है। ज्ञात रहे किगुरुवार की देर रात श्रीराम मंदिर के गर्भगृह से रामलला की नई तस्वीर सामने आई थी। इस तस्वीर में भगवान का चेहरा ढककर रखा गया था।

### फर्जी फोटो-वीडियो को ना करें प्रसारित: केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार को मीडिया आउटलेट्स और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को एक एडवाइजरी जारी कर उन्हें अयोध्या में 22 जनवरी के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित कार्यक्रम को लेकर किसी भी झूठी या हेरफेर की गई सामग्री को प्रकाशित करने के प्रति आगाह किया है। सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने यह सलाह जारी की है।

### प्रसाद में सरयू जल, कलावा, सुपारी, अक्षत व लड्डू

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले मेहमानों को प्रसाद के रूप में सरयू जल, कलावा, सुपारी, अक्षत व लड्डू दिया जाएगा। उदासीन आश्रम रानोपाली में गुजरात की संस्था प्रसाद के 20 हजार पैकेट तैयार करा रही है। इसके अलावा तीर्थ क्षेत्र पुरम स्थित टेंट सिटी में चार हजार साधु-संतों के लिए कंबल, तकिया व चादर की व्यवस्था भी की गई है

### अयोध्या से पहले दक्षिण के मंदिरों में पूजा-अर्चना

# पीएम मोदी ने रामेश्वरम तट पर समुद्र में लगाई पवित्र डुबकी

**एजेंसी** | चेन्नई

तमिलनाडु के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पहले राज्य के तिरुचिलापल्ली में रंगनाथस्वामी मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की और कंब रामायण के दोहे भी सुने।




इसके बाद पीएम मोदी वायुसेना के हेलिकॉप्टर से रामेश्वरम पहुंचे थे। जहां उन्होंने 'अग्नितीर्थ' तट पर समुद्र में डुबकी लगाई और बाद में श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही उन्होंने मंदिर में आयोजित 'श्री रामायण पारायण' कार्यक्रम में भाग लिया।

तमिलनाडु का रंगनाथस्वामी मंदिर भगवान विष्णु की पूजा के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। मंदिर परिसर में 'अंदल' नाम के हाथी ने पीएम का स्वागत किया। पीएम मोदी ने उसे गुड़ खिलाया और आशीर्वाद भी लिया।

इस दौरान पीएम मोदी को पारंपरिक पोशाक में देखा गया। मंदिर में आगमन के दौरान भीड़ ने पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने अपने वाहन से हाथ हिलाकर भीड़ का अभिनंदन किया।

### पहली बार रंगनाथस्वामी मंदिर पहुंचे पीएम

पीएम मोदी के आगमन पर मंदिर के मुख्य पुजारी सुंदर भट्टर ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, 'श्रीरंगम में पीएम मोदी के आने से सभी श्रद्धालु बहुत खुश हुए। हमारे प्रधानमंत्री सभी के कल्याण की परवाह करते हैं और रंगनाथ भी सभी के कल्याण की परवाह करते हैं। पहली बार कोई प्रधानमंत्री यहां आए हैं। हमें उनके यहां आने पर गर्व है। बाद में रामेश्वरम पहुंचने पर श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में पुजारियों द्वारा पीएम मोदी का पारंपरिक रूप से सम्मान किया गया। मंदिर में पूजा अर्चना से पहले पीएम ने समुद्र में पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान पीएम मोदी रुद्राक्ष की माला फेरते नजर आए।



@ तिरुचिलापल्ली रंगनाथस्वामी मंदिर




### सजने लगा अयोध्या धाम

# अभेद्य सुरक्षा घेरे में राम की नगरी, कार्यक्रम स्थल SPG के घेरे में

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा प्रबंध अभेद्य किए जा रहे हैं। पूरी रामनगरी सील हो चुकी है। सभी प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा घेरा सख्त कर दिया गया है। यहां से बिना पास के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व एसपीजी का एक और दल यहां पहुंच गया है। अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्होंने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था अपने कब्जे में ले ली है। पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में शामिल सभी सुरक्षा एजेंसियों के जवानों की ब्रीफिंग करके दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वीआईपी के ठहरने वाले स्थानों व होटलों पर भी सुरक्षा घेरा सख्त किया गया है। यहां भी किसी के आने-जाने व ठहरने को लेकर एजेंसियां सतर्क हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने प्रधानमंत्री समेत अन्य अतिथियों के गुजरने वाले मार्ग पर बने मकानों का सत्यापन किया है। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के दौरान छतों पर भी सशस्त्र जवान मुस्तैद रहेंगे। विभिन्न मार्गों, रेलवे स्टेशन आदि



पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रहेगी। यहां सिविल पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों के जवान भी तैनात किए गए हैं। किसी को भी यहां से वाहन लेकर अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। साकेत महाविद्यालय से लेकर सरयू तट तक सड़क के दोनों तरफ बने मकानों में रहने वालों का सत्यापन किया गया है।

### सीसीटीवी और AI से रखी जाएगी नजर

मंदिर की सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पीएसी को लगाया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त जवानों की तैनाती की है। इसके अलवा शहर में एआई, सीसीटीवी और ड्रोन से कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

### पार्किंग के लिए 21 स्थान चिह्नित

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और उसके बाद आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वहां पार्किंग के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया है। इन पार्किंग में 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। इतना ही नहीं पार्किंग के लिए किसी को भटकना न पड़े इसके लिए पार्किंग स्थलों को गूगल मैप पर अपलोड कर दिया गया है। पार्किंग स्थलों को वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य मेहमानों के लिए भी रिजर्व किया गया है। इन पार्किंग को वायरलेस और पीए सिस्टम से लैस किया गया है।

### विशिष्ट अतिथियों का आगमन शुरू

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विशिष्ट अतिथियों का आगमन शुरू हो गया है। कई मेहमान शनिवार को ही रामनगरी पहुंच गए। बड़ी संख्या में आमंत्रित जन रविवार को पहुंचेंगे। कई वीवीआईपी ऐसे भी होंगे जो सीधे 22 जनवरी को ही विमान से आएंगे और फिर उसी दिन लौट जाएंगे। यहां रात्रि प्रवास करने वाले मेहमानों को होटल, टेंट सिटी और आश्रमों में तैयार किए गए विशेष कक्षों में ठहराया जा रहा है।

### उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा भी पहुंचीं अयोध्या नगरी

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा, योग गुरु बाबा रामदेव, बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री और युग पुरुष परमानंद शामिल हैं। इसी तरह विभिन्न अखाड़ों के महंत और पंचों के साथ बड़ी संख्या में आमंत्रित अन्य धर्माचार्यों के आने का सिलसिला जारी है।

# अयोध्या से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सिनेमा हॉल में दिखाया जाएगा लाइव

# बड़े पर्दे पर भी आएंगे प्रभु श्रीराम





**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स प्रभु श्रीराम के दर्शन बड़े पर्दे पर करेंगे। जहां युवाओं के फिल्म स्टार्स की चमक होती है, अब वहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जय-जयकार होगी। जी हां! अब फिल्म हॉल में अयोध्या में होने वाली राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लाइव देखा जा सकेगा। इसके लिए अनूठी पहल मल्टी्प्लेरक्सा चेन पीवीआर आइनॉक्स ने की है और सोमवार को राम मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन के दौरान होने जा रही प्राण-प्रतिष्ठा की स्क्री निंग सिनेमा स्क्रीन पर की जाएगी।

## जयपुर सहित 70 शहरों में होगी स्क्रीनिंग

गौरतलब है कि बॉलीवुड मूवी का गढ़ सिनेमा हॉल अब रामजी के लिए बुक होगा और वहां प्राण प्रतिष्ठा दिखाई जाएगी। इससे पहले सिर्फ क्रिकेट वर्ल्ड कप जैसे आयोजन ही बड़े पर्दे पर दिखाए जाते रहे हैं। पीवीआर, आइनॉक्स भारत के 70 शहरों में 160 सिनेमाघरों में समारोह का लाइव प्रसारण करेगा। पूरे धार्मिक समारोह की लाइव स्क्रीनिंग दोपहर 11 से 3 बजे तक होगी। इसके लिए जयपुराइट्स सिनेमाघरों में जा सकते हैं और भारी साउंड और एचडी क्वालिटी से बड़े पर्दे पर प्राण प्रतिष्ठा देख सकते हैं।

## भावनाओं को किया जाएगा जीवंत

पीवीआर आइनॉक्सर के को-सीईओ गौतम दत्ताा ने कहा कि इस तरह के भव्यआ ऐतिहासिक अवसरों का अनुभव बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए। सिनेमा स्क्रीहन्स देशभर में होने जा रहे उत्साव से जुड़ी भावनाओं को जीवंत कर देंगी। भक्तों को इस उत्सनव के साथ अनोखे तरीके से जोड़ना हमारे लिए खुशी की बात होगी। इससे मंदिर से जुड़े रोमांच को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं, दिनेश भाटिया के अनुसार ऐतिहासिक क्षणों पर सबसे आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है। यह अनूठा अवसर दर्शकों को एक साथ आने और इसके ऐतिहासिक महत्व के अनुसार बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक उपलब्धि का उत्सव मनाने के लिए है।

## निर्मल की हस्तलिखित 'मानस'



**बेधड़क. जयपुर।** वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार निर्मल ने गोस्वामी तुलसी दासजी द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस को हाथ से लिखकर एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। संस्करण के बारे में उन्होंने बताया कि इसे लिखने की प्रेरणा कहां से मिली, खुद नहीं पता। जब से राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ तब से यह इच्छा बढ़ गई। इसे इसलिए लिखना चाहा, क्योंकि हाथ से लिखने की आदत बनी रहे। साथ ही नई पीढ़ी की राम चरितमानस के प्रति रुचि बढ़े। रामचरित मानस के हस्तलिखित संस्करण के लिए अभियान चलाना चाहता हूं। उन्होंने बताया कि हस्तलिखित संस्करण तैयार करने में करीब 6 महीने का समय लगा। कई त्रुटियां भी हुईं, लेकिन ज्ञानचंद जैन, राजकिरण, विजयकरण और अभय जोशी ने त्रुटियों को सुधारा।

## राम जानकी मंदिर में पौष बड़ा



**बेधड़क. जयपुर।** भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को यादगार बनाने के लिए चांदपोल गेट के पास सीकर हाउस में भगवान श्रीराम जानकी मंदिर में सुंदरकांड और दीपोत्सव का आयोजन होगा। श्रीराम जानकी धाम सेवा समिति सीकर हाउस अध्यक्ष मदन लाल बाजिया, महामंत्री एडवोकेट राजेश शर्मा, संरक्षक प्रकाश चंद गुप्ता ने बताया कि सुन्दरकांड के पाठ होंगे और राम परिवार की महाआरती होगी। शाम को मंदिर परिसर में दीपोत्सव का आयोजन होगा। इस मौके पर अयोध्या में कार सेवा में गए कार्यकर्ता समेत अन्य अतिथियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही 5 हजार लोगों की पौषबड़ा प्रसादी की जाएगी। आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, बाल मुकुंदाचार्य महाराज, पूर्व मंत्री व विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, प्रशान्त शर्मा, पूर्व विधायक राम लाल शर्मा, मोहन लाल गुप्ता, प्रताप सिंह आदि को आमंत्रित किया है।

## एरियल योगा से लेडीज हुईं फिट



**बेधड़क. जयपुर।** एफबीएस मैंबर्स के दिल को मजबूत करने के लिए एरियल योगा का आयोजन किया। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि एरियल योगा हमारी स्ट्रेंथ और फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ाता है। बैलेंस स्टूडियो की एक्सपर्ट तिथि ने फेसिअल योगा के भी टिप्स दिए। डॉ. ऋचा शर्मा ने बताया कि इससे हमारा कंसंट्रेशन बैलेंस अच्छा होता है। प्रेरणा धूत, विजयेता अग्रवाल, स्वाति छाबरा, शिल्पा मोदी, ऋचा बधलिया, मनीषा भार्गव, शुभंगी जैन आदि ने फिटनेस का अदभुत तरीका सीखा।

## उत्सव में जलेंगे 22 सौ दीपक

**बेधड़क. जयपुर।** ज्योतिनगर स्थित शिव ज्योति पार्क में सोमवार को 2200 दीपक से राम लला का संगीतमय ज्योति उत्सव मनाया जाएगा। आयोजक जेपीबी सोशल फाउंडेशन निदेशक पदम जैन बिलाला व सीए पारस बिलाला ने बताया कि शाम 6 बजे दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। आयोजन में विधायक काली चरण सराफ, उप-महापौर पुनीत कर्णावट, डॉ. श्याम अग्रवाल, सी ए रोहित रूवातिया आदि को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में संगीत जीतू गंगवाल एंड पार्टी का रहेगा।

## सुखमनी साहिब के पाठ किए



**बेधड़क. जयपुर।** सिक्ख धर्म के 10वें गुरु सरबंसदानी, दशमेश पिता, साहिबे कमाल, खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंहजी का प्रकाश परब सुखमनी सेवा सोसायटी सदस्यों ने मनाया। शनिवार को रित्तिका हरीश अतवानी के निवास पर हुए आयोजन में सबसे पहले सदस्यों ने संगत के साथ मिलकर सुखमनी साहिब पाठ किए। गुरु गोबिंद सिंह की महिमा बताते हुए 'वडा मेरा गोविंद अगम अगोचर', 'दुकालं प्रणासी दिआलं सरूपे' व 'नासरो मंसूर गुरु गोबिन्द सिंह' का गायन किया। इस अवसर पर सूर्य उदय सिंह ने सरबत के भले की अरदास की व कामना की कि सब गुरुजी के बताए मार्ग पर चलें। दीपिका कपूर ने रित्तिका हरीश अतवानी को सरोपा व सुखमनी साहिब गुटका देकर सम्मानित किया। सोसायटी की पिंकी सिंह ने बताया कि सोसायटी के पाठ ग्रुप 'अपणी मेहर कर' के सदस्यों ने प्रकाश परब के तहत गुरु गोबिंद सिंहजी की बाणी 'जाप साहिब' के 771 व 'चौपई साहिब' के 4750 पाठ किए।

# City इवेंट्स

## 'राम है वो राम है' भजन का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** संस्कृत महाविद्यालय के महाराज सभागार में राम नाम पर आधारित भजन 'एक ही बस शब्द सुंदर, राम है वो राम है' का आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने विमोचन किया। यह भजन आशुतोष भट्ट द्वारा रचित है, जिसे स्वर व संगीत उन्होंने दिया है। उन्होंने बताया कि राम से बड़ा राम का नाम है। इसी विचार को आत्मसात कर भजन लिखा है। 4 अंतरों के भजन में हर अंतरे में राम के विभिन्न प्रसंगों को संक्षिप्त रूप वर्णन किया है और राम के नाम की महिमा को समाहित किया है। भजन की समय अवधि सात मिनट है। कार्यक्रम में वरिष्ठ आईएएस के के पाठक व संघ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अयोध्या में गूंजेंगे बतूल के भजन



**बेधड़क, जयपुर।** भारत का सर्वोच्च महिला सम्मान प्राप्त राजस्थानी भजन व मांड गायिका बेगम बतूल को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सांस्कृतिक महोत्सव में गायन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। समारोह में बतूल सहित देश के प्रमुख भजन गायक अनूप जलोटा, एआर रहमान, अनुराधा पौड़वाल, हरिहरन, शंकर महादेवन, सोनू निगम, कैलाश खेर, ऋचा शर्मा जैसे दिग्गज कलाकार प्रस्तुति देंगे। बतूल ने बताया कि अयोध्या से गायन का न्योता आना सौभाग्य की बात है। बतूल के साथ उनके बसंत ग्रुप के कलाकार अनवर हुसैन, दिलीप, साहिल, फैजान, नाजिम भाग लेंगे।

## धरोहरों पर शोकेस करेंगे आर्ट



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में 24 से 31 जनवरी तक जयपुर आर्ट वीक के तीसरे संस्करण में रोजमर्रा के जीवन में कला के महत्व को दर्शाया जाएगा। इसके लिए शहर के साथ ही बाहर से कला के वरिष्ठ और नवीनतम कलाकारों को सीखने और अन्वेषण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। पब्लिक आर्ट ट्रस्ट ऑफ इंडिया की ओर से जयपुर आर्ट वीक में प्रोफेशनल और उभरते हुए 20 से ज्यादा कलाकारों की कारीगिरी को प्रस्तुत किया जाएगा, जो पहली बार अपनी कला की प्रदर्शनी करेंगे। आठ में शहर के कई हेरिटेज साइट्स पर आयोजित होने वाली ये कार्यक्रमों की लड़ी सभी के लिए मुफ्त में खुले रहेंगे। अल्बर्ट हॉल संग्रहालय के विशाल संग्रहों से जुड़ते हुए, राजस्थान का पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, पब्लिक आर्ट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के साथ, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय समकालीन कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में नव नियुक्त प्रदर्शनियों और प्रदर्शनों की एक शृंखला प्रस्तुत की जाएगी।

### आईएसबीटी राजस्थान चैप्टर सीएमई का आयोजन

# मरीजों को शुद्ध रक्त उपलब्ध कराने पर विशेषज्ञों का मंथन





**बेधड़क | जयपुर**

ब्लड बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से शनिवार को जयपुर के रक्त संग्रहण केन्द्र में आईएसबीटी राजस्थान चैप्टर सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में मरीजों को शुद्ध और गुणवत्तायुक्त रक्त उपलब्ध कराने पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। इसके लिए रक्त की न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट, 'नेट' टेस्टिंग पर जोर दिया गया। साथ ही सरकार से ब्लड बैंक की माल प्रेक्टिस पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई। राजस्थान में ट्रांसफ्युजन मेडिसिन एक परिदृष्य विषय पर आयोजित चिकित्सा शिक्षा कार्यशाला (सीएमई) में जयपुर के अलावा प्रदेश के कई शहरों में संचालित सरकारी और निजी ब्लड बैंक्स के प्रतिनिधि चिकित्सकों ने भाग लिया। सीएमई का उद्घाटन जोधपुर के एम्स अध्यक्ष और राजस्थान अस्पताल जयपुर चेयरमेंन डॉ. एस एस अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि हर मरीज को सुरक्षित रक्त मिले यह सुनिश्चित करने के लिए ब्लड बैंक्स को निर्धारित मानकों का शत प्रतिशत पालन करना चाहिए।

सीएमई के मुख्य वक्ता और ब्लड बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के सेकेट्री डॉ. हिमांशु शर्मा ने टेस्टिंग किट्स के उच्च मानक युक्त होने की बात कहते हुए सभी ब्लड बैंक्स को इसे अपनाने की बाद्यता पर बल दिया।

## इंस्टालेशन से शांति का संदेश




**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में 24 जनवरी से जयपुर कला महोत्सव में वरिष्ठ चित्रकार और राजस्थान यूनिवर्सिटी के वीजुअल आर्ट डिपार्टमेंट के हैड सुमित सेन ने खास इंस्टालेशन तैयार किया है। करीब 14 फुट उंचे इंस्टॉलेशन में सबसे ऊपर पृथ्वी है, जो बंदूकों की नोक पर दिखाई गई है। खून की बारिश हिंसा के विध्वंसक रूप को बखूबी प्रदर्शित कर रही है। हिंसा के साथ ही सुमित सेन ने समाज में धर्म, संस्कृति और जात-पात की रुढियों की दीवार को तोड़ने का संदेश दिया है। इंस्टॉलेशन को बनाने के लिए बांस, मेटल, कपड़े, लकड़ी और साइकिल के पहिए, बंदूक, इंट का इस्तेमाल किया है। महोत्सव के दौरान 26 जनवरी 'आजादी के रंग' फैशन शो आयोजित किया जाएगा। शो में एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान के स्टूडेंट्स पार्टिसिपेट करेंगे।

**संवाद प्रवाह** | साहित्य में राम के भाव पर हुई चर्चा

# मूक रामलीला की बिसाऊ से विश्वपटल की जर्नी पर्दे पर

**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केन्द्र की ओर से कला संसार मधुरम के तहत 2 दिवसीय संस्कृति सेतु उत्सव की शुरूआत में राम से जुड़े कला व साहित्य के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। उत्सव के पहले दिन एक तरफ जहां साहित्य में राम के भाव पर साहित्यकारों ने राय रखी, वहीं अनोखी बिसाऊ की रामलीला पर तैयार की गई फिल्म की स्क्रीनिंग की गई। फिल्म के जरिए बिसाऊ की रामलीला के विभिन्न अनछुए पहलुओं को दिखाने का प्रयास किया गया।



### 165 साल पुरानी है रामलीला

रामलीला के इतिहास के बारे में बताया गया कि राजस्थान के झुंझुनूं जिले का छोटा सा कस्बा बिसाऊ अपनी इस रामलीला के जाना जाता है, जो यह 165 साल पुरानी है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय एक महिला क्रांतिकारी साध्वी जमना ने इस रामलीला की आधारशिला रखी थी। उनका उद्देश्य देश के प्रति प्रेम की भावना जागृत करना था।

### 'राम अविराम' में राम की बात

उत्सव के पहले दिन सबसे पहले कृष्णायन में संवाद प्रवाह का आयोजन हुआ। इस दौरान 'राम अविराम' सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार चंद्र प्रकाश देवल (पद्मश्री अलंकृत) साहित्यकार सलीम खां फरीद ने साहित्य में राम भाव पर चर्चा की। सत्र के मॉडरेटर शिक्षाविद् डॉ. विशाल विक्रम सिंह रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार लोकेश कुमार सिंह "साहिल", जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत व अन्य मौजूद रहे।

### आज होगा ध्रुवपद गायन

उत्सव में रविवार को रंगायन में सुमिरन में पंडित प्रशांत मल्लिक और निशांत मल्लिक ध्रुवपद गायन की प्रस्तुति देंगे। गौरव शंकर उपाध्याय पखावज पर संगत करेंगे।

### राम को एक नायक के तौर पर ग्रहण किया

संवाद सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार चंद्र प्रकाश देवल ने कहा, कि वाल्मीकि की रामायण में राम को एक नायक के तौर पर ग्रहण किया गया। राम में वे सारी संभावनाएं थीं, जो एक नायक में होनी चाहिए। उत्सव के तहत दूसरे सत्र में विश्व प्रसिद्ध बिसाऊ की मूक रामलीला पर तैयार की गई फिल्म की स्क्रीनिंग हुई। फिल्म में इस मूक रामलीला के बारे में कई अहम जानकारी दी गई। रजनीकान्त आचार्य के निर्देशन में तैयार फिल्म में बताया गया, कि मूक रामलीला ने बिसाऊ की गलियों से विश्वपटल का रास्ता तय किया है। पारम्परिक वेशभूषा में तैयार मुखौटे लगाए पात्र अभिनय से भावों को प्रदर्शित करते हैं।


अनुशासन और निरंतरता आपके बड़े सपने को हकीकत में बदल देती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### चार सैन्य अफसरों समेत पांच की मौत... हमले में जमींदोज हो गई इमारत

# इजराइल का सीरिया में ईरानी सेना पर अटैक



**एजेंसी** | दमिश्क

इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक इमारत को निशाना बनाते हुए हमला किया है। इस हमले में पांच लोगों की मौत हो गई, जिसमें चार ईरानी सेना के अफसर हैं। इस इमारत में ईरान के अफसर बैठक कर रहे थे।

हमले में इमारत पूरी तरह से तबाह हो गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दमिश्क की आवासीय इमारत पर हुए इजराइली हवाई हमले में अपने चार सैन्य सलाहकारों के मारे जाने की पुष्टि की है। ये हमला शनिवार को हमला माजेह इलाके में हुआ। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के सीरिया इंटेल प्रमुख, उनके डिप्टी और दो अन्य गार्ड सदस्य इजरायल के इस हमले में मारे गए। इजराइल ने सीरिया के अंदर जिस क्षेत्र को निशाना बनाया वह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और ईरान समर्थक फिलिस्तीनी गुटों के नेताओं के लिए सुरक्षित ठिकाना माना जाता है।

इजराइल लगातार सीरिया में हमलों को अंजाम दे रहा हैं। सीरिया में एक दशक से अधिक के गृह युद्ध के दौरान इजराइल ने ईरान समर्थित बलों को निशाना बनाया गया। पिछले साल 7 अक्टूबर को इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से ये हमले तेज हो गए हैं। बीते महीने दमिश्क के पास एक इजराइली हवाई हमले में ईरानी सैन्य सलाहकार सैय्यद रजी मौसवी की मौत हो गई थी।

## क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है तनाव

इजराइल का यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब क्षेत्र में तनाव लगातार बढ़ रहा है। इजराइल और हमास के बीच गाजा में 7 अक्टूबर के बाद शुरू हुई लड़ाई से पूरे क्षेत्र में तनाव है। इजराइली हमलों में गाजा में 24 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। दक्षिणी लेबनान में इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच लगातार गोलीबारी और ड्रोन हमले हो रहे है। वहीं यमन के हूती विद्रोही लाल सागर में लगातार अमेरिका और इजराइल के जहाजों पर हमले कर रहे हैं।

### पहले एक-दूसरे पर बरसाई मिसाइलें...

# अब तनाव कम करने पर राजी ईरान-पाकिस्तान

**एजेंसी** | इस्लामाबाद / तेहरान

पाकिस्तान और ईरान के बीच तनाव कम करने पर समहति बन गई है। ईरान के बलूचिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमलों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। संबंधों की तल्खी के बीच ईरान और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने फोन पर बातचीत की।

इसके बाद दोनों देश तनाव को कम करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समन्वय को मजबूत करने पर सहमत हुए। साथ ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सैन्य हमलों के बाद पटरी से उतरे संबंधों को सुधारने पर भी चर्चा की और मौजूदा हालात की समीक्षा की है। दोनों देशों के राजदूतों की वापसी पर भी चर्चा हुई। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने अपने ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से टेलीफोन पर बात की और पारस्परिक विश्वास व सहयोग की भावना के आधार पर ईरान के साथ काम करने की देश की इच्छा जताई।

बयान में कहा गया है कि पाक विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। एफओ ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि आतंकवाद विरोधी अभियान और आपसी चिंता के अन्य मुद्दों पर सहयोग और समन्वय को मजबूत किया जाना चाहिए। दोनों पक्ष तनाव कम करने पर भी सहमत हुए। दोनों नेताओं ने पड़ोसियों के बीच घनिष्ठ भाईचारे के संबंधों को भी रेखांकित किया।



## ईरान के साथ घनिष्ठ सहयोग की जरूरत

दोनों देशों के मंत्रियों ने बातचीत के दौरान तनाव कम करने के प्रयास करने पर जोर दिया गया। पाकिस्तान ने तुर्किये से भी इस संबंध में बात की। पाकिस्तान ने साफ किया कि उसे ईरान के साथ तनाव बढ़ाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। पाकिस्तान ने व्यापक सुरक्षा समीक्षा के संकेत भी दिए हैं। विदेश मंत्री जिलानी ने आपसी विश्वास और सहयोग की भावना के आधार पर काम करने की भावना से भी ईरानी समकक्ष को अवगत कराया। उन्होंने ईरान के साथ सुरक्षा मुद्दों पर घनिष्ठ सहयोग की जरूरत भी बताई।

## तुर्किये से बातचीत के बाद ईरान के संपर्क में आया पाकिस्तान

ईरानी समकक्ष के साथ बातचीत से पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री जिलानी और तुर्किये के उनके समकक्ष के बीच भी फोन पर बात हुई। तुर्किये और पाकिस्तान की बातचीत उस समय हुई जब पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक शुरू की। इसमें देश के सभी सैन्य सेवा प्रमुख भी मौजूद रहे।

## दावोस से लौटे पाकिस्तानी पीएम

इसके बारे में पाकिस्तान के सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी ने कहा कि बैठक का मकसद 'ईरान और पाकिस्तान के बीच हालिया घटनाओं के बाद व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा' की गई। हालात की गंभीरता को भांपते हुए पीएम काकर ने स्विटजरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की यात्रा को बीच में ही छोड़ दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने की अपील की है। अमेरिका ने भी संयम बरतने का आह्वान किया है। हालांकि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह भी कहा कि दोनों देशों के टकराव से साफ होता है कि इस क्षेत्र में ईरान को पसंद नहीं किया जाता है।

### चीन के हेनान प्रांत में बोर्डिंग स्कूल में लगी भीषण आग

# डॉरमेट्री में सो रहे 13 बच्चे जिंदा जले

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के हेनान प्रांत में एक स्कूल के शयनगृह (डॉरमेट्री) में आग लगने से 13 छात्रों की मौत हो गई। अग्निशमन विभाग को शुक्रवार देर रात दुशू शहर के यानशानपु गांव में यिंगकाई स्कूल के एक पुरुष शयनगृह में आग लगने की सूचना मिली। बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया। जब आग लगी तो शयनगृह में लगभग 30 बोर्डिंग छात्र थे। एक घायल छात्र का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है।



## शिक्षक ने जगाया और भगाया

घटना घटने से पहले, किंडरगार्टन के बच्चे वीकेंड के लिए पहले ही घर लौट आए थे। घटना की जांच स्थानीय अधिकारियों की ओर से शुरू कर दी गई है। खबरों के अनुसार, पुलिस ने स्कूल के प्रभारी व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। एक छात्र ने सरकारी समाचार पत्र बीजिंग यूथ डेली को बताया कि उसे आधी रात में एक शिक्षक ने जगाया और भागने को कहा। हवा में धुएं की गंध भरी हुई थी।




### अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

# अमेरिका में भी राम मंदिर का जश्न

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दुनियाभर के मंदिरों में उत्सव मनाया जाएगा। अमेरिका के मंदिरों में सुंदर कांड के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अमेरिका में राष्ट्रव्यापी उत्सवों का नेतृत्व करने वाले संगठन विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के अमिताभ मित्तल ने कहा कि अमेरिका में भी राम मंदिर उत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। अमेरिका में मौजूद मंदिरों में अगले सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाखों की संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के शामिल होंगे।



## 'राम मंदिर सनातन धर्म की शाश्वत प्रकृति का प्रतीक'

अमेरिका के हिंदू विश्वविद्यालय की अध्यक्ष कल्याण विश्वानथन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि अयोध्या उपेक्षा और विनाश से फिर से उभर रहा है। राम मंदिर सनातन धर्म की शाश्वत प्रकृति का प्रतीक है। 550 वर्षों के बाद राम लला मंदिर में विराजमान होंगे। गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## लंबे अरसे के बाद अयोध्या में राम का मंदिर: कपिल

टेक्सास में श्री सीता राम फाउंडेशन के कपिल शर्मा ने कहा कि लंबे इतंजार के बाद अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण हुआ। दुनियाभर के हिंदुओं के लिए यह आस्था और उत्सव का एक महत्वपूर्ण दिन हैं। ह्यूस्टन के मंदिरों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए खासा उत्साह है। समारोह के दिन सुंदरकांड का आयोजन होगा। गायन, संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। हवन और भगवान राम का पट्टाभिषेक होगा। साथ ही भगवान राम की शोभा यात्रा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl